उज्जैन
गुरुवार
15
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-74
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



हर्ष मेहता संग डेटिंग की खबरों पर मलाइका का रिएक्शन लोगों को बातें करना पसंद एक्स अर्जुन कपूर को बताया लाइफ का अहम हिस्सा

पेज- 8

## भारतीय सेना के जवान निस्वार्थ सेवा और देश की रक्षा का प्रतीक हैं



**नई दिल्ली।** आर्मी डे के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि वे निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे मुश्किल हालात में भी पक्के इरादे के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश उनके साहस और पक्के कमिटमेंट को सलाम करता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे मुश्किल हालात में भी पक्के इरादे के साथ देश की रक्षा करते हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना जगाती है।

## महाराष्ट्र की 29 नगर निगम में वोटिंग जारी, मुंबई में 9 साल बाद चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में आज वोट डाले जा रहे हैं। सुबह 7:30 बजे से मतदान शुरू हो गया है जो शाम 5:30 बजे तक चलेगा। शुक्रवार को इसका रिजल्ट आएगा। सबसे अहम बृहन्मुंबई नगर निगम है जहां 2017 के बाद 227 सीटों पर चुनाव हो रहा है। यहां बहुमत के लिए 114 का आंकड़ा जरूरी है। बीएमसी की 227 सीटों में से 32 सीटों पर बीजेपी-शिवसेना गठबंधन और शिवसेना-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच सीधा मुकाबला है। यह स्थिति इसलिए बनी है क्योंकि कांग्रेस-बहुजन वंचित अघाड़ी गठबंधन ने इन सीटों पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। वहीं राज-उद्धव ठाकरे साथ चुनाव लड़ रहे हैं। पुणे में एनसीपी अकेले चुनाव लड़ रही है।

## ट्रम्प पाकिस्तान-बांग्लादेश समेत 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है। इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं।

## यूपी के टोल प्लाजा पर 50 करोड़ की अवैध वसूली

**सहारनपुर।** यूपी के जिला सहारनपुर में पुलिस-प्रशासन की टीम ने 9 जनवरी को टोल प्लाजा मालिक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इस टोल प्लाजा पर सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से जबरन टोल टैक्स वसूला जा रहा था। एसपी सागर जैन ने कहा- एक साल में करीब 50 करोड़ रुपए की टोल वसूली अवैध तरीके से कर ली गई, ऐसा अनुमान है। बाकी हम 5 साल का रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं, उससे चीजें और क्लियर होंगी। टोल प्लाजा के मालिक कमलजीत प्रधान समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। नकुड़ विधानसभा सीट से टिकट मांगने की दौड़ में हैं। सपा नेता सीधे तौर पर आरोप लगा रहे हैं कि मौजूदा बीजेपी विधायक मुकेश चौधरी ने सपा नेता को पकड़वाया है, जिससे उनका पॉलिटिकल फ्यूचर बना रहे।

### मकर संक्रांति- गोरखपुर में सीएम योगी ने चढ़ाई खिचड़ी, वाराणसी के गंगा घाट पर भी भीड़

# प्रयागराज में 15 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/गोरखपुर



देशभर के कई हिस्सों में गुरुवार को भी मकर संक्रांति मनाई जा रही है। गंगा, यमुना और नर्मदा जैसी प्रमुख नदियों के तटों पर लाखों लोग सुबह से डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह खिचड़ी चढ़ाकर मकर संक्रांति की शुरुआत की।

प्रयागराज माघ मेले में आज मकर संक्रांति का स्नान पर्व है। संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। सुबह 7 बजे तक 15 लाख श्रद्धालुओं कर स्नान चुके हैं। प्रशासन के मुताबिक, आज करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे। प्रयागराज के संगम में इससे पहले बुधवार शाम 5 बजे तक करीब 65 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इधर, वाराणसी के गंगा घाटों पर भी लोगों की भीड़ है। पंजाब में आज माघी पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया।

गोरखपुर में सीएम योगी ने मकर संक्रांति पर गुरुवार तड़के गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाई। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने सुबह 3:40 बजे मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। नाथ परंपरा के अनुसार, उन्होंने गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने गले में लटकी सीटी बजाई और दंडवत होकर प्रणाम किया। इसके बाद गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित की गई, साथ ही नेपाल राज परिवार की ओर से लाई गई खिचड़ी भी चढ़ाई गई। पूजा के बाद योगी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

### राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

## श्रीनगर में पारा -5.2 डिग्री, डल झील जमी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्त्रोत जम गए। श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है।

पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसंबर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहन भिड़े, 5 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



भोपाल में ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 12 घायल हुए हैं। हादसा बैरसिया थाना इलाके में बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे हुआ। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है।

टीआई वीरेंद्र सेन ने बताया कि सिरोंज के एक ही परिवार के 15 लोग लोडिंग वाहन में थे। इनमें से पांच की मौत हो गई है। नौ घायल हुए हैं। ट्रैक्टर सवार 3 लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को बैरसिया शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोडिंग वाहन में सवार परिवार संक्रांति स्नान के लिए नर्मदापुरम जा रहा था। जैसे ही उनका वाहन बैरसिया थाना इलाके में ठाकुर लाल सिंह स्कूल के पास पहुंचा, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। इसमें लोडिंग वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार कई लोग अंदर ही फंस गए।

## अमेरिका की धमकी के बाद ईरान पीछे हटा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन/तेहरान

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों को फांसी देने के फैसले से पीछे हट गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने बुधवार को कहा कि ईरान की ओर से लोगों को फांसी देने की कोई योजना नहीं है।

विदेश मंत्री ने फॉक्स न्यूज के 'स्पेशल रिपोर्ट विद ब्रेट बेयर' कार्यक्रम में दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'फांसी देने की कोई योजना नहीं है। फांसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' वहीं, बुधवार को ट्रम्प ने भी बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों की हत्याएं रुक गई हैं।

इससे पहले ईरान सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर तेज ट्रायल और जल्दी से फांसी देने का ऐलान किया था। ईरान बुधवार को 26 साल के प्रदर्शनकारी इरफान सुलतानी को फांसी देने वाला था। इस फैसले के बाद ट्रम्प ने ईरान को कड़ा जवाब देने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा , 'अगर वे फांसी देते हैं, तो आप कुछ भयानक देखेंगे।' ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रम्प को जान से मारने की धमकी जारी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रम्प पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई गई। जिसके साथ एक संदेश था 'इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी'।

## कनाडा में 3 भारतीयों पर बुजुर्ग दंपति की हत्या का आरोप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कनाडा

कनाडा में लगभग तीन साल पहले एक बुजुर्ग दंपति अर्नोल्ड डी जोंग और जोआन डी जोंग की हत्या के मामले में मुकदमा शुरू हो गया है। इसमें तीन भारतीय मूल के युवकों गुरकरण सिंह, अभिजीत सिंह और खुशवीर सिंह टूर पर दो-दो आरोप लगाए गए हैं।

तीनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया है। पुलिस के अनुसार, 9 मई 2022 को अर्नोल्ड और जोआन को उनके एबॉट्सफोर्ड स्थित घर में मृत पाया गया था। घटना से एक दिन पहले दंपति ने एक पारिवारिक समारोह आयोजित किया था।

अगले दिन सुबह जब उनके दामाद घर पहुंचे तो वहां दंपति के शव मिले। अभियोजन पक्ष की वकील डोरोथी त्सुई ने अदालत को बताया कि हत्या के पीछे आरोपियों का मकसद कर्ज, आर्थिक तंगी और लालच था।



## खबर एक नजर...

### भाविप सांदीपनि शाखा ने हाईस्कूल दौलतगंज में छात्राओं को स्वेटर दिए

**उज्जैन।** विवेकानंदजी की जयंती, युवा दिवस पर भारत विकास परिषद सांदीपनि शाखा उज्जैन द्वारा शासकीय हाईस्कूल दौलतगंज में 75 गरीब वर्ग की छात्राओं को चयनित कर उन्हें उच्च क्वालिटी के स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भाविप के रीजनल सचिव ओमप्रकाश गुप्ता ने विवेकानंदजी के विचारों से जीवन के विकास, नशा, मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति एवं स्वच्छ पर्यावरण विषय पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संरक्षक ईश्वर पटेल, सचिव मनीषा अग्रवाल, सांदीपनि शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश पंड्या, कार्यकारिणी सदस्य आशा गुप्ता, कविता गुप्ता, रुक्मिणी गुप्ता एवं प्राचार्य अग्रवाल उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने जरूरतमंदों को किया वस्त्रदान

**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रुप सदस्यों ने इसमें सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों के लिए उपयोगी, स्वच्छ एवं अच्छी स्थिति में कपड़े दिए। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना था। संस्था अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा मकर संक्रांति जैसे पर्व पर दान का विशेष महत्व है और वस्त्रदान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना भी विकसित होती है। ग्रुप सचिव आशिष नांदेचा ने कहा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष विजय बम्बोरी, कमलेश जैन, आदि थे।

### अभिनेत्री ऐश्वर्या राज, अभिनेता हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान ने भगवान के दर्शन किए

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में बुधवार तड़के भस्म आरती में तीन सेलिब्रिटी शामिल हुए। साउथ फिल्म की अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भकुनी सहित फिल्म और टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान तेजवानी ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महाकाल मंदिर में तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती में बॉलीवुड और टॉलीवुड के अभिनेता हितेन तेजवानी पत्नी गौरी के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे, वहीं साउथ सिनेमा की अभिनेत्री ऐश्वर्या अपने परिवार के साथ भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान सभी ने नंदी हॉल में करीब दो घंटे तक बैठकर भगवान की आरती देखी। आरती के बाद सभी ने देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साउथ फिल्म इंडस्ट्री से आने वाली ऐश्वर्या राज भकुनी ने सम्राट, पृथ्वीराज, प्राइड सहित कसम तेरे प्यार की जैसी फिल्मों और धारावाहिकों में काम किया है। वहीं हितेन और गौरी तेजवानी दोनों कई टीवी सीरियल्स सहित फिल्मों में नजर आ चुके हैं। दोनों सास भी कभी बहू थी जैसे लोकप्रिय टीवी सीरियल का भी हिस्सा रहे हैं।

### बाबा महाकाल को तिल के लड्डू, गजक का भोग लगाया

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के भस्म आरती के दौरान मंदिर के कपाट खुलते ही सर्वप्रथम वीरभद्र जी को प्रणाम कर स्वस्ति वाचन किया गया तथा आज्ञा लेकर चांदी द्वार खोला गया। गर्भगृह के पट खोलकर पुजारी द्वारा भगवान का श्रृंगार उतारकर पंचामृत पूजन किया गया, इसके पश्चात कर्पूर आरती संपन्न हुई। भगवान महाकाल को भांग, चंदन, सिंदूर एवं आभूषणों से गणेश भगवान के स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। नंदी हॉल में नंदी जी का स्नान, ध्यान एवं पूजन किया गया। जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद एवं फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया।

### आंच से दूरी जरूरी वर्ना खतरा

# पैक्ड चिप्स लाएं तो निगरानी जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन



चमकीली दुनिया में बाजारवाद हावी है और पैक्ड फूड्स व वैफर्स का चलन जोरों पर है। गली मोहल्लों और देहातों की परचून दुकान पर रंगबिरंगे पैकेट्स व पाउच की लंबी लडी टंगी होती है और इन पैकेट्स मे चिप्स, कुरकुरे, भुजिया आदि होते हैं। बच्चे बड़े उत्साह से इन कुरकुरे और चिप्स को पांच या दस रूपए मे खरीदकर इन्हे खोलते हैं और फिर खाते हैं। अभिभावक इसे देख खुश होते हैं। चाचा, मामा, मौसी अपना पूरा लाड प्यार बच्चों को ये खरीदकर दिलाने में समझ बैठते हैं किन्तु ये पैकेट्स कितने खतरनाक भी हो सकते हैं इस पर कभी चिन्तन नहीं करते। उड़िसा में घटित एक ताजे हादसे ने सभी को सचेत कर दिया जब एक बच्चे के चिप्स पैकेट से धमाके के साथ आग निकली और बच्चे का चेहरा झुलस गया। इस भयानक हादसे से बच्चे की एक आंख खराब हो गई।

**पैक्ड पैकेट्स का रहस्य-** खाद्य पदार्थ जैसे चिप्स व कुरकुरे आसपास की वायु में उपस्थित आक्सीजन से अभिक्रिया करके जल्दी खराब हो जाते हैं और खाने योग्य नहीं होते। भोज्य पदार्थ को इसी आक्सीकरण से सुरक्षित रखने के लिए पैकेट्स से पूरी वायु बाहर निकालकर खाद्य सामग्री के साथ नाइट्रोजन गैस थोड़ी मात्रा में भरकर पैक किया जाता है।

**विशेष स्थिति मे गैस खतरनाक-** वैसे तो नाइट्रोजन एक उदासीन गैस है। ये किसी से भी तुरंत अभिक्रिया नहीं करती है साथ ही ये ज्वलनशील गैस भी नही है पर विशेष स्थितियों में जैसे उच्च तापमान व उच्च दाब होने पर ये विस्फोट कर सकती है। उड़िसा हादसे में बच्चा जब पैकेट को किचन में जलती आग के पास लेकर इसे गया तभी विस्फोट हुआ।



**-अंकिता चौहान, रसायनशास्त्री।**

**सावधानी रखें-** सभी अभिभावक पहले तो कोशिश करें कि इन प्रिजवेर्टीव वाले पैक्ड फूड्स से बच्चो को दूर रखें और यदि कभी दिलाएं भी तो इसे अपनी निगरानी में खोलें जो आग व आंच से दूर हो तभी हम अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकेंगे।



**-पारुल सुराना, अभिभावक।**

### फ्रीगंज ब्रिज निर्माण के चलते पिलर के लिए खोदे गड्ढे

## पुरानी पाइप लाइन फूटी, तीन दिन से लगातार बह रहा हजारों गैलन पानी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज ब्रिज के पास बन रहे नए ओवरब्रिज के लिए पोल गाड़ने को खोदे गए गड्ढे ने निर्माण एजेंसी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गड्ढा खोदते समय पुरानी डायरेक्ट पाइपलाइन फूट गई। इससे तीन दिन से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है।


सबसे बड़ी परेशानी यह है कि नगर निगम की पीएचई टीम और रेलवे अफसरों को जानकारी नहीं कि लाइन कहां से जुड़ी है और इसका वॉल कहां से बंद होगा। दोनों विभागों के कर्मचारी सुधार में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। कर्मचारियों ने बताया कि यह पाइपलाइन करीब 60-70 साल पुरानी है।

तब के कर्मचारी अब नहीं हैं। इस कारण इसकी कनेक्टिविटी की जानकारी किसी के पास नहीं है। लाइन करीब 7-8 फीट गहराई में है। पानी खाली करे बिना सुधार मुश्किल है। ब्रिज के पोल खड़े करने वाली कंपनी को भी तीन दिन से काम रोकना पड़ा है।

**ट्रैक्टर का इंजन लगाया फिर भी पानी खत्म नहीं हुआ :** मरम्मत के लिए पानी में उतरकर मशक्कत कर रहे निगम पीएचई के कर्मचारियों ने बताया इस गड्ढे से पानी ही खत्म नहीं हो रहा, क्योंकि जो लाइन फूटी है, वह बड़ी लाइन है और 24 घंटे चालू रहती है। ट्रैक्टर का इंजन चालू कर गड्ढे का पानी खत्म करने का भी प्रयास किया, ले?किन पाइपलाइन से इतना ज्यादा पानी बाहर निकल रहा है कि इंजन से खाली नहीं हो सका।

**जल्द मरम्मत करवाएंगे :** पीएचई के ईई वैभव भावसार ने कहा क्षेत्र में पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा है। जो पाइपलाइन फूटी उसकी जानकारी लेंगे और जल्द से मरम्मत करवाकर व्यर्थ बह रहा पानी रोकेंगे।

## रात का पारा भी चढ़ा, कोहरा अलसुबह तक सिमटा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति के साथ दिन और रात का पारा चढ़ने लगा है। इसी तरह कोहरे का दायरा अलसुबह तक सिमटकर रह गया है। शाम ढलने के बाद भी सर्द हवा का ज्यादा असर महसूस नहीं हो रहा है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा, जबकि न्यून. तापमान 11.2 डिग्री पर पहुंच गया है। आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 56 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 6 किलोमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने से दिन में धूप के तेवर तीखे होने लगेंगे, जबकि रात में सर्द हवा एक सप्ताह तक ठंड का एहसास करवाएगी।

### नागदा होटल में प्रार्थना सभा पर विवाद, धर्मांतरण का आरोप

## हिंदू संगठनों ने किया विरोध, 4 शिक्षकों समेत पांच पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नागदा के सिगड़ी 95 स्थित एक होटल में रविवार को ईसाई समाज की प्रार्थना सभा के दौरान विवाद हो गया। स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने सभा के दौरान धर्मांतरण का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

**70 लोग कर रहे थे प्रार्थना-** जानकारी के अनुसार, सिगड़ी 95 होटल में पिछले एक वर्ष से हर सप्ताह यह प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। इसका संचालन नागदा के पाडल्या रोड क्षेत्र में संचालित एक कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों द्वारा किया जाता है। रविवार की सभा में लगभग 50 से 70 लोग शामिल थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी थे।

हिंदू संगठनों ने सभा पर आपत्ति जताई और धर्मांतरण की गतिविधियों का आरोप लगाया। हालांकि, प्रार्थना सभा में मौजूद लोगों ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वे अपनी इच्छा से सभा में आते हैं और किसी प्रकार का दबाव नहीं है। सभा में शामिल एक महिला ने बताया कि लंबे समय से बीमारी से परेशान होने के बाद प्रार्थना में शामिल होने से उसे राहत मिली है।

बिड़लाग्राम थाना एसआई संजय माथुर ने बताया कि प्रार्थना सभा में अधिकतर लोग हिंदू समुदाय से थे, जबकि एक सिख दंपती भी शामिल था। विवाद की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

पुलिस ने प्रार्थना सभा का संचालन कर रहे चार शिक्षकों नवीन पीटर, पीवी जोश, अजय परमार, आशीष भवासार और होटल मैनेजर सोनू पिता भारत सिंह के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी अवैध या विवादित गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उज्जैन
गुरुवार
15
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

त्वयि मयि चान्यत्रैको विष्णुः, व्यर्थं कुप्यसि मय्यसहिष्णुः।
भव समचित्तः सर्वत्र त्वं, वाञ्छस्यचिराद्यदि विष्णुत्वम्॥

**अर्थः** तुममें, मुझमें और अन्यत्र भी सर्वव्यापक विष्णु ही हैं, तुम व्यर्थ ही क्रोध करते हो, यदि तुम शाश्वत विष्णु पद को प्राप्त करना चाहते हो तो सर्वत्र समान चित्त वाले हो जाओ।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में घर की चौथी मंजिल से कूदा युवक

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपने घर के चौथे माले से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक शराब पीने जा रहा था, जिसे उसके पिता ने रोक दिया। इसके बाद वह घर की छत पर पहुंचा और वहां से कूद गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना गोल्डन पाम टाउनशिप की है। यहां बुधवार रात वैभव (28) पिता राकेश गायकवाड़ ने अपने घर के चौथे माले से कूदकर जान दे दी। घायल अवस्था में पिता और अन्य परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पिता ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि शाम को वैभव ने शराब पी थी। इसके बाद रात में वह दोबारा शराब पीने की जिद कर रहा था। इसी कारण उसे नीचे के गेट पर ताला लगाकर रोक दिया गया। इससे नाराज होकर वैभव ऊपर चला गया और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। वैभव अमेरिका की एक निजी कंपनी के लिए सॉफ्टवेयर का काम करता था और घर से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। परिवार में उसका एक बड़ा भाई भी है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल की मचुर्री में रखवाया है।

### रुपए लेकर व्यापारी के नाम करा दिए डॉक्यूमेंट, जमीन मालिक ने की धोखाधड़ी

**इंदौर।** इंदौर में दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में चंदन नगर क्षेत्र में जमीन धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया, दूसरे में महाराणा प्रताप अस्पताल में एक ऑटो चालक द्वारा हंगामा और तोड़फोड़ की घटना हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपी ने 1 करोड़ 19 लाख रुपए लेने के बाद भी उसी संपत्ति के फर्जी दस्तावेज अन्य लोगों को दे दिए। पुलिस के मुताबिक, चंदन नगर निवासी मुदस्सर नागोरी की शिकायत पर मोहम्मद फारूक पिता नूर मोहम्मद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने चंदन नगर सेक्टर-बी स्थित एक संपत्ति का सौदा फारूक से तय किया था और इसके एवज में उसे 1 करोड़ 19 लाख रुपए का भुगतान किया है। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद फारूक ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अज्जू उर्फ कबाड़ी और टम्मो नामक व्यक्तियों के नाम संपत्ति के कागज कर दिए। वहीं, मुदस्सर ने विधिवत रजिस्ट्री कराई और संपत्ति में रह रहे किरायेदारों से अनुबंध पत्र भी तैयार करवाए।

### 1 फरवरी को फिटनेस और अनुशासन की दौड़

**इंदौर।** मध्य भारत की बहुप्रतीक्षित फिटनेस पहल यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इंदौर मैराथन 1 फरवरी को चार कैटेगरी में होगी। यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का उत्सव बन चुकी है। एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथन के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष दौड़ कैटेगरी वाइज राजबाड़ा, यशवंत क्लब और नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी। मैराथन के सचिव सुमित रावत ने बताया कि यह आयोजन चार श्रेणियों 3, 5, 10 और 21 किमी में होगी। 3 किमी दौड़ यशवंत क्लब से, 5 किमी दौड़ राजबाड़ा से, जबकि 10 किमी और 21 किमी दौड़ नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होंगी। प्रतिभागी अपना पंजीयन पर करा सकते हैं। मनीष पेसर्स एकेडमी के संस्थापक कोच मनीष गौड़ ने कहा कि इंदौर मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का संदेश है।

## प्रिंस यशवंतराव होलकर मणिकर्णिका घाट पहुंचे, मूर्तियों की पूजा की, प्रणाम कर प्रशासन से कहा

# मूर्तियां हमें सौंप दें, हम दोबारा स्थापित करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



वाराणसी के विश्वप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा है। यहां रखी मूर्तियों में भी टूट-फूट हुई है। यह जानकारी लगने के बाद खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट के प्रेसीडेंट यशवंतराव होलकर तृतीय आज घाट पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिमाओं की पूजा कर सफेद कपड़े से ढंक दिया ताकि उन्हें नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने वाराणसी के निगमायुक्त, संभागायुक्त और अन्य अफसरों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति बताई। यशवंतराव होलकर ने कहा कि क्षतिग्रस्त मूर्तियां हमें सौंप दी जाए, ताकि हम उन्हें यहां फिर से स्थापित कर सकें, जिससे लोगों की श्रद्धा बनी रहे।

वाराणसी के कलेक्टर सत्येंद्र ने कहा कि घाट की मूर्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। उन्हें सुरक्षित रखा गया है। कुछ लोग अकसे घाट के गलत वीडियो बनाकर जारी कर रहे हैं। ऐसे लोगों को ट्रेस किया जा रहा है। मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार के लिए हर साल लाखों लोग आते हैं। जगह की कमी रहती है और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई आती है। उन समस्याओं को देखते हुए परियोजनाओं को विकसित किया गया है। प्रशासन ने इस मामले में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मूर्तियों को उसी स्थान पर लगाया जाएगा। मणिकर्णिका का घाट पर कलाकृतियां को संरक्षित कराया गया है। जो इसे लेकर भ्रम फैला रहे हैं उन्हें चिह्नित किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### यशवंतराव बोले- घाट की हालत खराब, हमने मांगी प्रतिमाएं

- इधर, यशवंतराव होलकर ने वाराणसी से वीडियो जारी कर घटनाक्रम के बारे में बताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। वीडियो में उन्होंने आगे कहा कि 'मणिकर्णिका घाट पर मां अहिल्या देवी द्वारा विकसित घाट की तोड़फोड़ के बाद आज मैं यहां काशी आया हूं।
- आज उसकी हालत क्या हो गई है, मेरे पीछे देख सकते हैं। स्थानीय प्रशासन संभागायुक्त और निगमायुक्त से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी है। मैंने उनसे मांग की है कि इस घटना की जांच की जाए। जो जिम्मेदार लोग हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।
- ये सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मां साब की चार प्राचीन प्रतिमा जो मां साब ने खुद स्थापित की थी, अब दो बची है। तोड़फोड़ के बाद सरकार ने उन प्रतिमाओं को सुरक्षित कर लिया है।
- हमने प्रशासन से मांग की है कि इन प्रतिमाओं को खासगी ट्रस्ट को सौंप दिया जाए। ताकि हम सही ढंग से उन्हें मंदिर में रख सकें।
- अफसरों ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।
- हम मां से प्रार्थना करते हैं कि जिन लोगों ने ये गलती की है उन्हें माफ करें। और हम इस प्राचीन घाट को फिर से बनाएं।'

**इंदौर के इतिहासकार बोले- देवी अहिल्या द्वारा विकसित घाटों में ये प्रमुख-** इंदौर के इतिहासकार और समाजसेवी सुनील मतकर ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होलकर ने देशभर में कई घाटों का निर्माण और मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया है। इनमें मणिकर्णिका घाट प्रमुख है। देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा विकसित किए जाने के कारण इसके लिए हमारी आस्था और बढ़ जाती है। प्रशासन द्वारा यहां जो कार्रवाई की गई है हम उसका विरोध करते हैं। मूर्तियों को संरक्षित किया जाए और इन्हें फिर से स्थापित किया जाए इसके लिए क्षत्रिय धनगर समाज की ओर से गुरुवार शाम को बैठक रखी गई है।

## चौकी के सामने भी डाली जा रही पाइप लाइन, आज हाईकोर्ट में सुनवाई

# 23 मौतों के बाद भागीरथपुरा में हर तरफ काम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



भागीरथपुरा में दूषित जल ने 23 लोगों की जिंदगी छिन ली। कई लोग आज भी इस दूषित पानी के कारण अस्पताल में भर्ती है, जबकि 3 लोग अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। सैकड़ों लोग अस्पताल में अपना इलाज करा चुके हैं। अब भागीरथपुरा में नर्मदा और ड्रेनेज का काम तेजी से किया जा रहा है। हालांकि इस काम के चलते रास्ते उबड़-खाबड़ जरूर हो गए है, लेकिन लोगों को उम्मीद है कि इस काम से उनके यहां हुई त्रासदी से मुक्ति मिल जाएगी। इधर, गुरुवार को इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होना है।

भागीरथपुरा टंकी के पास बने गार्डन और भागीरथपुरा चौकी के सामने वाली रोड पर नर्मदा की लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। नर्मदा के पाइप डालने के लिए यहां पर जेसीबी से सड़क खोदी जा रही थी। साथ ही यहां पर लाइन डालने के लिए पाइप रखे हुए थे। यहां काम करने वालों का कहना था कि नर्मदा की लाइन डालने का काम किया जा रहा है।

यहीं से थोड़ा आगे बढ़ने पर भागीरथपुरा के अंदर जाने पर भी ड्रेनेज और नर्मदा लाइन का काम किया जा रहा था। यहां एक चाय की दुकान के सामने से जा रही रोड पर जेसीबी से जो खुदाई कर लाइन डाली गई, उसे भरने का काम चल रहा था। जिसके कारण यहां से लोगों की आवाजाही लगभग ना के बराबर ही थी। रास्ता बंद होने के कारण लोग गलियों से आना-जाना करते नजर आए।

# इंदौर में चाइनीज मांझे की चपेट में आए 4 लोग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में चाइनीज मांझे से बुधवार को कुछ ही घंटों में चार लोग चपेट में आ गए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराय गया है। हेमराज रविन्द्र चौरसिया के रूप में घायल की पहचान हुई है। हेमराज रविंद्र चौरसिया, 115 चांदमारी ईंट का भट्टा का निवासी है। वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। वहां से छुट्टी हो गई थी और मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, घटना तीन इमली क्षेत्र की बताई जा रही है। यहां बाइक से जाते समय युवक का डोर से गला कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा हादसा परदेशीपुरा में हुआ। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी को चाइनीज मांझे से गले में चोट आई है। उन्हें किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना जूनी इंदौर से सामने आई है। घायल प्रेम भंडारी, निवासी तिल्लौर है, जो दूध बांटने का काम करता है। जूनी इंदौर ब्रिज से जाते समय अचानक बाइक के सामने डोर आ गई। उन्होंने अपना बचाव किया, जिसमें गले के पास चोट लग गई।

# विधायक शुक्ला की बस से हादसा...गुस्साए लोगों ने आग लगाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




इंदौर में विधायक गोलू शुक्ला की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे गुस्साई भीड़ ने बस में आग लगा दी। अफरा-तफरी मची तो फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

घटना पटेल ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है। फायर ब्रिगेड कर्मचारी के मुताबिक, छोटी ग्वालटोली के आगे शुक्ला ब्रदर्स की बस में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भेजा गया। जब टीम पहुंची तो बस से काफी ऊंची लपटें निकल रही थीं।

फायर ब्रिगेड के एसआई शोभाराम मालवीय ने बताया, एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। ड्राइवर अभी मौके पर नहीं मिला है। संभवतः वह बस में आग लगने के बाद गाड़ी से उतरकर बाहर आ गया हो।

**बाइक सवार को टक्कर मारी थी, बस के नीचे फंसा था हाथ, बस ड्राइवर लापता**

तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव के मुताबिक, एक बाइक को बस ने टक्कर मारी थी, इसके बाद बस में आग लग गई। बाइक सवार को ज्यादा चोट नहीं आई है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक, रेलवे माल गोदाम के पास सुबह करीब साढ़े 10 बजे शुक्ला की बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार बस के नीचे फंस गया और उसका हाथ टायर के नीचे दब गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बस को धक्का देकर युवक का हाथ पहिए के नीचे से निकाला और उसे अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने बस में आग लगा दी। हालांकि पुलिस ने आगजनी की पुष्टि नहीं की है। मामले में बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## खबर एक नजर...

### रात का पारा भी चढ़ा, कोहरा अलसुबह तक सिमटा

**उज्जैन.** मकर संक्रांति के साथ दिन और रात का पारा चढ़ने लगा है। इसी तरह कोहरे का दायरा अलसुबह तक सिमटकर रह गया है। शाम ढलने के बाद भी सर्द हवा का ज्यादा असर महसूस नहीं हो रहा है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा, जबकि न्यून. तापमान 11.2 डिग्री पर पहुंच गया है। आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 56 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 6 किलोमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने से दिन में धूप के तेवर तीखे होने लगेंगे, जबकि रात में सर्द हवा एक सप्ताह तक ठंड का एहसास करवाएगी।

### मकर संक्रांति पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने जरूरतमंदों को किया वस्त्रदान



**उज्जैन.** मकर संक्रांति पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रुप सदस्यों ने इसमें सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों के लिए उपयोगी, स्वच्छ एवं अच्छी स्थिति में कपड़े दिए। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना था। संस्था अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा मकर संक्रांति जैसे पर्व पर दान का विशेष महत्व है और वस्त्रदान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना भी विकसित होती है। ग्रुप सचिव आशिष नांदेचा ने कहा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष विजय बम्बोरी, कमलेश जैन, आदि थे।

### सीएम ने बटन दबाकर मंदिर की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया

# पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव शुरूः सीएम ने किया भगवान का पूजन, बोले- भोपाल की तरह उज्जैन में भी लगेगा वन मेला







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संक्राति पर्व से श्री महाकाल लोक में पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव की शुरूआत हुई। आयोजन 18 जनवरी तक महाकाल महालोक एवं त्रिवेणी संग्रहालय में किया जा रहा है। पहले दिन सीएम डॉ. मोहन यादव ने महाकाल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग हैं। यहां कई लोक बन रहे हैं। उज्जैन में अब तक श्रावण महोत्सव होता था। गुड़ी पड़वा से हमने तीन महीने चलने वाला उत्सव शुरू किया, जिसमें इस बार भी वाहनों पर ग्वालियर की मेले की तरह छूट मिलती रहेगी। भोपाल में लगने वाला वन सम्पदा का वन मेला की तरह अब उज्जैन में भी वन मेला लगेगा। अगली बार 25 जनवरी को आऊंगा, उस दिन हरिफाटक ब्रिज को सिक्स लेन करने, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सिंहस्थ बायपास की रोड का भूमि पूजन सहित सुबह होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में भी शामिल होऊंगा।

इससे पहले सीएम और सिंगर शंकर महादेवन ने आयोजन से पूर्व भगवान महाकाल का पूजन किया। मंच से ख्यात सिंगर पद्मश्री शंकर महादेवन द्वारा ह्यशिवोऽहम्ह्न की प्रस्तुति दी।

पार्श्व गायक शंकर महादेवन एवं उनके पुत्र सिद्धार्थ और शिवम ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल जी के दर्शन किए। इस दौरान नंदी हाल में बैठकर तीनों ने शिव भोला भंडारी भजन भी गाया। शंकर महादेवन भास्कर से बोले- महाकाल मंदिर की व्यवस्था टॉप क्लास है। यहां की सफाई मंच वाशरूम आने जाने के रास्ते किसी इंटरनेशनल कार्यक्रम की तरह नजर आ रहा है।

उद्घाटन संध्या पर शिवोऽहम् शीर्षक से विशेष संगीतिक प्रस्तुति आयोजित की गई। प्रसिद्ध पार्श्वगायक पद्मश्री शंकर महादेवन (सिद्धार्थ-शिवम) द्वारा अपने सुपुत्रों के साथ शिव-भक्ति से ओतप्रोत संगीतमय प्रस्तुति दी। अभ्युदय मध्यप्रदेश एवं स्वाभिमान पर्व-2026 के अंतर्गत उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# महाकाल मंदिर गर्भगृह में मुख्य पुजारी के अलावा सब पुजारियों का प्रवेश हो बंद

### अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने की प्रशासन से मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर के एक पुजारी प्रतिनिधि द्वारा स्वयं की दुकान महाकाल सेना के नाम से आये दिन प्रेस नोट जारी कर अखाड़ों, साधु सन्तो, महामंडलेश्वर के विरुद्ध अनर्गल बातें कर संतों की मयार्दा के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा है, ऐसे में अखिल भारतीय आखड़ा परिषद ने महाकाल सेना के नाम से 2 दिन पूर्व जारी हुए एक प्रेस नोट जिसमें यह कहा गया कि गर्भ ग्रह में साधु संतों का भी प्रवेश बंद होना चाहिए, ऐसे में अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद प्रशासन से मांग करता है कि महाकाल मंदिर में केवल शासन द्वारा नियुक्त मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के अलावा सभी पुजारी, प्रतिनिधियों का गर्भ में प्रवेश तत्काल बंद किया जाए क्योंकि बड़ी संख्या में प्रतिनिधि होने से गर्भ गृह की मयार्दा भंग होने के साथ ही अव्यवस्था फैलती है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रशासक से मांग कि है कि सभी पुजारी के जो प्रतिनिधि नियुक्त हैं उनकी संख्या कितनी है इसकी लिखित जानकारी से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद को अवगत करावे साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में केवल मुख्य पुजारी द्वारा ही पूजन आदि किया जाए पुजारी प्रतिनिधियों का एक्ट में कोई लिखित प्रावधान नहीं है।

# नव संवत नव विचार के 29वें विक्रमोत्सव में मुख्यमंत्री विक्रम अलंकरण से होंगे सम्मानित

### गुड़ी पड़वा पर सूर्य को अर्घ्य देकर होगा शुभारंभ-नवरत्नों पर केंद्रित नौ कार्यक्रम होंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रतिपादित विक्रम संवत को गौरवशाली परंपरा से मनाने के 29वें वर्ष में संस्था नवसंवत - नवविचार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को विक्रम अलंकरण से सम्मानित करेगी।

मकर संक्रांति की पूर्वाह्न 11 बजे सांदीपनि विधि महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित नगर के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, अभिभाषकों एवं चिकित्सकों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। संस्था अध्यक्ष योगेश शर्मा चुन्नू एवं सचिव प्रतीक जैन के अनुसार संस्था नवसंवत नवविचार 28 वर्षों से विक्रम संवत के प्रथम दिवस से नवमी तक विक्रम महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। प्रथम दिवस फव्वारा चौक पर महावीर उद्यान से रामघाट तक प्रभात फेरी निकालकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है एवं गोपाल मंदिर पर इंद्र ध्वज आरोहण के साथ समारोह आरंभ होता है।

प्रतिदिन सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्नों पर आधारित व्याख्यान, चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होता है। सम्राट विक्रमादित्य की परंपरा में संस्कृति एवं कला के लिए समर्पित व्यक्तित्व को विक्रम अलंकरण प्रदान किया जाता है। इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को यह अलंकरण उज्जैन की गरिमा में अभिवृद्धि के निरंतर प्रयासों और सम्राट विक्रमादित्य की कीर्ति को समूचे विश्व तक फैलाने के उनके प्रयासों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में शीघ्र रखी जाएगी। नगर की विभिन्न संस्थाओं को इसमें जोड़ा जाएगा।

# फ्रीगंज ब्रिज निर्माण के चलते पिलर के लिए खोदे गड्ढे, पुरानी पाइप लाइन फूटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



फ्रीगंज ब्रिज के पास बन रहे नए ओवरब्रिज के लिए पोल गाड़ने को खोदे गए गड्ढे ने निर्माण एजेंसी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गड्ढा खोदते समय पुरानी डायरेक्ट पाइपलाइन फूट गई। इससे तीन दिन से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है।

सबसे बड़ी परेशानी यह है कि नगर निगम की पीएचई टीम और रेलवे अफसरों को जानकारी नहीं कि लाइन कहां से जुड़ी है और इसका वॉल कहां से बंद होगा। दोनों विभागों के कर्मचारी सुधार में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। कर्मचारियों ने बताया कि यह पाइपलाइन करीब 60-70 साल पुरानी है। तब के कर्मचारी अब नहीं हैं। इस कारण इसकी कनेक्टिविटी की जानकारी किसी के पास नहीं है। लाइन करीब 7-8 फीट गहराई में है। पानी खाली करे बिना सुधार मुश्किल है। ब्रिज के पोल खड़े करने वाली कंपनी को भी तीन दिन से काम रोकना पड़ा है।

मरम्मत के लिए पानी में उतरकर मशक्कत कर रहे निगम पीएचई के कर्मचारियों ने बताया इस गड्ढे से पानी ही खत्म नहीं हो रहा, क्योंकि जो लाइन फूटी है, वह बड़ी लाइन है और 24 घंटे चालू रहती है। ट्रैक्टर का इंजन चालू कर गड्ढे का पानी खत्म करने का भी प्रयास किया, लेकिन पाइपलाइन से इतना ज्यादा पानी बाहर निकल रहा है कि इंजन से खाली नहीं हो सका।

### गौ सेवा से तृप्त होते हैं पूर्वज,- पंडित कुलदीप महाराज

बड़नगर ।सनातन धर्म की मूल आत्मा गौ सेवा में निहित है। जो श्रद्धालु नित्य भावपूर्वक गौ माता की सेवा करता है, उन्हें स्नान कराता है, स्नेहपूर्वक पीठ पर हाथ फेरता है, उसके पूर्वज तृप्त होते हैं और उसके जीवन में मंगल कार्यों का शुभारंभ हो जाता है। यह उद्गार श्री ओंकार गोपाल गौशाला, ग्राम ऊंटवास राघवपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित कुलदीप महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गौ माता साक्षात कामधेनु हैं। हृदय से भागवत भाव रखते हुए की गई गौ सेवा से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। गौ सेवा केवल पुण्य कर्म नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, समृद्धि और धर्म से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है। गौ माता के आहार हेतु 1,51,000 का सहयोग कथा के पावन अवसर पर श्री जीविका फाउंडेशन द्वारा गौ माता के लिए गुड़ एवं खली हेतु एक लाख एक हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। साथ ही ओवडा समिति द्वारा 51 हजार की राशि प्रदान की गई ।यह राशि कंपनी के जनरल मैनेजर मुकेश बैरागी एवं कमलेश पाटीदार द्वारा गौशाला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, कैलाश पटेल,नंद किशोर मंडलोई , दुर्गा शंकर शर्मा एवं सतीश शर्मा को भेंट की गई।

## खबर एक नजर...

### कायस्थ समाज उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

उज्जैन। मकर संक्रांति महापर्व पर कायस्थ समाज उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मालवा की परंपरा अनुसार स्वागत किया तथा मकर संक्राति महापर्व पर तिल गुड़ के लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया।

मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन आगमन पर हेलीपैड पर केसरिया दुपट्टा और फूलों और मोतियों की माला पहनाकर अभिनंदन किया। प्रियांशु श्रीवास्तव के साथ हैलीपेड स्वागत के लिये पहुंचे मंगेश श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को बताया कि तिल के लड्डू और चक्की मैं खुद स्वयं अपने हाथों से बनाकर आपके लिए लेकर आया हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मकर संक्रांति महापर्व की बधाई दी।

### मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी आज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन आज गुरुवार, 15 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें लेखक संघ के साहित्यकार रचना पाठ करेंगे। मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन सचिव डॉ हरीशकुमार सिंह ने बताया कि चार धाम मंदिर में आज 15 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होने वाली काव्यगोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंदजी महाराज आशीर्वचन देंगे। अध्यक्षता प्रो. हरिमोहन बुधौलिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ करेंगे। प्रमुख अतिथि डॉ. नागेश्वर राव पूर्व कुलपति, सारस्वत अतिथि डॉ गोविंद गंधे निदेशक कालिदास अकादमी, विशिष्ट अतिथि दिवाकर नातू पूर्व अध्यक्ष, सिंहस्थ प्राधिकरण, प्रो. शिव चौरसिया प्रख्यात मालवी कवि, प्रो गोपाल शर्मा शिक्षाविद, प्रो शैलेंद्र पाराशर शिक्षाविद, डॉ तुलसीदास परोहा शिक्षाविद होंगे। सूत्रधार डॉ पांखुरी वक्त रहेंगी।

### श्री कुचैरा भैरवनाथ (अष्ट भैरव) मंदिर पर भैरव महायज्ञ आज से

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री कुचैरा भैरवनाथ (अष्ट भैरव) मंदिर गढ़कालिका रोड पर 18 दिवसीय विश्व शाति एवं जनकल्याण हेतु भैरव महायज्ञ (41वाँ वर्ष), आयोजित किया जा रहा हैं। महायज्ञ मे आगामी सिंहस्थ 2028 की दिव्य सफलता हेतु भी आहुति प्रदान की जावेगी। शासकीय पुजारी दुर्गा मंगल गहलोत ने बताया कि महायज्ञ आज 15 जनवरी से यज्ञाचार्य जय शिव शर्मा, विकास शर्मा एवं राम बैरागी के आचार्यत्व में हेमाद्रि स्नान, अभिषेक के साथ प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। प्रातः 10 बजे तक आहुति दी जावेगी। पश्चात विश्राम के बाद संध्या 7 बजे से रात 10 बजे तक भैरवाष्टक, हनुमान चालीसा के प्रतिदिन 100 पाठ किया जावेंगे। पूणार्हुति 1 फरवरी को दिव्य भव्य भण्डारा प्रसादी के साथ होगी। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ एवं महाकाल सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी के साथ पुजारी महासंघ के समस्त कार्यकारिणी एवं सहयोगी उपस्थित रहेंगे।

# ब्राह्मण समाज संघ का संकल्प, स्वस्थ और संस्कारित समाज

### दिव्य संतान प्रकल्प... गर्भ संस्कार हमारी पुरातन परंपरा इसे समझने की आज माहिती आवश्यकता- पंडित योगेंद्र महंत

### दिव्य संतान प्रकल्प की कार्यशाला में बताया ह्यदिव्य संतान कैसे हमारे यहां आ सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सनातन संस्कृति में गर्भ संस्कार को प्रमुखता से लिया गया था। हम वर्तमान समय में संस्कार और संस्कृति दोनों को भूल रहे है। इसी का नतीजा है कि आज की युवा पीढ़ी देश, समाज, परिवार को समर्पित नहीं होकर भटकाव की ओर है। माता पिता और हम सबका दायित्व होना चाहिए.कि वह गर्भ संस्कार को प्रमुखता के साथ रखे ओर इसका पालन भी नव दंपत्ति से करवाए। तभी दिव्य संतान की प्राप्ति भी कर सकेंगे और भारत देश को श्रेष्ठ नागरिक भी दे पाएंगे।

यह बात दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पंडित योगेंद्र महंत ने उज्जैन में कार्य शाला के द्वारान व्यक्त की। विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिला प्रकोष्ठ ने उज्जैन के वेद नगर स्थित आनंद भवन में बुधवार को दिव्य संतान प्रकल्प की कार्यशाला का आयोजन किया था। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर की देवी सरस्वती एवं मां भारती का पुजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कलावती यादव सभापति नगर पालिक निगम, विशेष अतिथि अर्पणा जोशी राष्ट्रीय समन्वयक विश्व ब्राह्मण समाज संघ रहीं। अध्यक्षता पं योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय संयोजक दिव्य संतान प्रकल्प, राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण समाज संघ, पूर्व राज्य मंत्री ने की। कार्यशाला विषय विशेषज्ञ डॉ रोमशा सरकानूनगो ने ह्यदिव्य संतान कैसे हमारे यहां आ सकती हैह्ण को प्रोजेक्ट के माध्यम से बताया। सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र आराधन श्रीमती मनीषा व्यास द्वारा, स्वागत भाषण एवं संगठन का परिचय सावित्री महंत राष्ट्रीय संयोजिका विश्व ब्राह्मण समाज संघ ने दिया। आभार डॉ प्रेरणा मनाना एवं संचालन अनामिका व्यास ने किया।

राम ओर कृष्ण जैसी संतान चाहिय तो दशरथ ओर वासुदेव बनना होगा

पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि हमारी कल्पनाएं और अपेक्षा संतान से ज्यादा हो रही है जिसके कारण परिवार तनाव में जीवन यापन कर रहा है हम राम और कृष्ण जैसी संतान तो चाहते है लेकिन दशरथ ओर वासुदेव नहीं बनना चाहते। आवश्यकता आचरण ,व्यवहार में बदलाव की भी है। जो संतान गर्भ में पल रही है उसे सकारात्मक माहौल की अत्यंत आवश्यकता है।

# अग्रवाल की नेतृत्व की संकल्पना अतिसुक्षम एवं गहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सबको आगे करके स्वयं पीछे रहकर मनोबल बढ़ाने वाले नेता ही सफल होते है। इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल का एक साल बेमिसाल रहा। आपके नेतृत्व की संकल्पना अतिसुक्षम एवं गहन है।

जिलाध्यक्ष पद पर संजय अग्रवाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर जिला मंत्री पवन विश्वकर्मा ने उनकी कार्यशैली को अद्वितीय बताते हुए कहा कि आपने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई नवाचार करते हुए संगठन की दशा व दिशा को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत किया है। आपने एक वर्ष में संगठन के केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शों का भलीभाति पालन करते हुए भाजपा सरकार के जनहितैषी कार्यो को जन- जन तक पहुंचाया व संगठन की कार्ययोजनाओं को उज्जैन नगर जिले में लगातार प्रवास करते हुए मण्डल ही नहीं अपितु बूथ स्तर तक बैठकों के माध्यम से प्रसतुत किया है। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआईआर प्रक्रिया को संचालित करने एवं उनकी सक्रियता और कार्यकताओं की भागीदारी से मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिली है। जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल राष्ट्र प्रथम व संगठन सर्वोपरि की भावना से निरंतर संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते आ रहे हैं। वे जिला उपाध्यक्ष, जिले के महामंत्री सहित अनेक पद पर दायित्व निभाते हुए महत्वपूर्ण पदों अपनी कार्य कुशलता का परिचय दे चुके हैं। सफलतापूर्वक संचालित करने एवं उनकी सक्रियता ओर कार्यकताओं की भागीदारी से मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदशी बनाने में मदद मिली है। पवन विश्वकर्मा ने समस्त भाजपा के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारियों की ओर से एक साल बेमिसाल पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए श्री अग्रवाल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जागो! भारत-लेख प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता

**उज्जैन।** रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ह्लजागो! भारत-लेख प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिताह्व का सफल आयोजन रूपांतरण सभागृह, दशहरा मैदान, उज्जैन में किया गया। यह आयोजन रूपांतरण यूथ डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि रूपांतरण संस्था विगत 16 वर्षों से निरंतर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के वैचारिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करती आ रही है। इस भावना और उदेश्य से की आज आकाश में सकारात्मक विचारों के बीज बो रहे, कल इनके फल संसार को मिलेंगे। यह रूपांतरण की एक सूक्ष्म किंतु प्रभावी प्रयास है। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# देवनागरी लिपि विश्व में अपनी वैज्ञानिकता से आगे बढ़ रही है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतवर्ष में प्रचलित अन्य लिपियों की श्रेणी में नागरी लिपि का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। भारतीय लिपियों में सबसे अधिक प्रचलित है। यह लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगो की लिपि है इसीलिए नागरी लिपि भारत की राष्ट्रीय लिपि है। नागरी लिपि को समझने-पढ़ने वालो की संख्या विदेशो में अपनी सामर्थ्य से बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। नागरी लिपि की शक्ति तथा वैज्ञानिकता के सुदृढ़ आधार है।

उपर्युक्त विचार राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी ने विश्व हिन्दी दिवस की राष्ट्रीय संगोष्ठी : विश्व में नागरी लिपि का बढ़ता प्रभाव विषय पर च्वाईस कालेज पुणे के समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि डॉ. ममता जैन अप्रवासी साहित्यकार पुणे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देवनागरी लिपि के माध्यम से बंगला, मराठी, गुजराती अन्य हिन्दीतर भाषा के साहित्य को निकट लाया है। विदेशों में नागरी लिपि का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. अलका पोद्दार ने कहा कि देवनागरी लिपि सहज, सरल, सुगम, सुबोध, सुस्पष्ट, सम्पन्न व्यापक जैसे अनेक वैज्ञानिक विशेषताओं के कारण विश्व की करीब 450 लिपियों में प्रमुख आदर्श लिपि है। समारोह के शुभारम्भ में सरस्वती वंदना डॉ. शैलजा दुबे ने एवं स्वागत भाषण डॉ. आफताब अनवर शेख ने प्रस्तुत किया। अतिथियों के उद्बोधन तत्पश्चात 45 साहित्यकारों को सावित्रीबाई, ज्योतिबा फुले साहित्य सेवा सम्मान में अभिनंदन पत्र एवं स्मृतिचिन्ह अतिथियो ने प्रदान किया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. बाबा साहेब शेख, सुश्री प्रेरणा उबाले, पूनम कनोजे, अनिल बागवान, डॉ. शाकिर शेख ने सम्बोधित किया। अध्यक्षीय भाषण महेन्द्र मणिक ने दिया। राष्ट्रीय बहुभाषी कवि सम्मेलन में इंदिरा पूनावाला ह्यशबनमह्य मीनाक्षी भालेराव, डॉ. ममता जैन, सतीश कुलकर्णी, वेद स्मृति, सुरजीत सिंह जख्मी, डॉ. नमिता आर्या, डॉ. शुभा लोढे, सुनील जोशी, स्नेहासिंह, अनिता जठार आदि ने हिन्दी भाषा एवं मराठी में कविता पाठ किया।

# भाषा से भविष्य तक : हिंदी, युवा और राष्ट्रवाद की त्रिवेणी : प्रो अर्पण भारद्वाज

### हिंदी भाषा के वैश्विक महत्त्व एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर हुई संगोष्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, युवा वर्ग, नई दिल्ली एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी भाषा के वैश्विक महत्त्व एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता कुलगुरु एवं न्यास के प्रांत अध्यक्ष प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मुख्य अतिथि न्यास के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख अथर्व शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यास के पदाधिकारी डॉ. राकेश ढांड, डॉ. गीता नायक, डॉ.राममोहन शुक्ल एवं डॉ. नीरज सारवान थे। न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि कार्यक्रम में केरल की अदिति जोशी ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और आत्मबोध की संवाहक है। हिंदी हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हुए वैश्विक मंच पर पहचान दिलाती है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं तो राष्ट्र को और सशक्त बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि अथर्व शर्मा ने स्वामी विवेकानंद को स्मरण करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवाभाव एवं विवेक को विकसित करें, तभी सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि सप्ताह में एक दिवस अवश्य रूप से मातृभाषा का प्रयोग करें।

विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश ढांड ने कहा कि पृथ्वी पर जब भी क्रांति हुई है युवा वर्ग ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी भाषा सर्वाधिक वैज्ञानिक है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाषाविद डॉ. गीता नायक ने भाषा और युवा को शक्ति समन्वय का प्रतीक बताते हुए कहा कि यही समन्वय राष्ट्र की दिशा को तय करता है। उन्होंने युवाओं को हिंदी में हस्ताक्षर करने और इंडिया को भारत कहने का संकल्प दिलवाया।

## खबर एक नजर...

### स्काउट गाइड राज्य सचिव स्व. राजेश मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

मंदसौर ।मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संघ मंदसौर द्वारा प्रदेश के भारत स्काउट राज्य सचिव स्व. राजेश मिश्रा को उनके दुखद अवसान पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ने कहा कि स्व. श्री मिश्रा द्वारा अपनी भारतीय प्रशासनिक सेवा मंदसौर जिले से ही प्रारंभ की गई थी और वह विभिन्न विभागों में पदस्थ रहते हुए मुख्यमंत्री के सचिव के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सेवा संकल्प को अपनाया और उसके लिए उन्होंने भारत स्काउट गाइड को चुना इस संगठन में उन्होंने राज्य सचिव के पद पर लगभग 3 वर्षों तक कार्य किया। रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव ने स्व. मिश्रा से जुड़े स्मरण सुनाये। जिला कमिश्नर गाइड जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज ,जिला एडीपीओ लोकेंद्र डाभी ,सचिव सलमा शाह, जिला ऑडिटर केएस चौहान , राहुल शर्मा , सुरेश भावसार, हिंदल सर, लोकेंद्र सिंह चौहान आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

मन्दसौर। जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्या कराड़िया में एक ट्रेक्टर की टक्कर से एक महिला की मृत्यु हो गई। पुतिलस ने इस प्रकरण में आरोपी ट्रेक्टर नं. एमपी 14 एडी 4131 के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार की दोपहर में ग्राम पिपल्या कराड़िया के राम मंदिर के सामने घटित हुआ है। पुलिस के अनुसार इस हादसे की रिपोर्ट कुलदीप पिता विरेन्द्रसिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पिपल्या कराड़िया ने की है कि फरियादी की काकी राजकुंवर को सोनालिका ट्रेक्टर के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसकी घायल काकी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### प्रतिबंधित चाइनीज डोर के पांच गट्टे जब्त

मंदसौर। स्थानीय नरसिंहपुरा के पास पुलिस ने एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज डोर के पांच गट्टे जब्त किये। मंगलवार की रात करीब १० बजे कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी जीवन पिता ओमप्रकाश कुमावत उम्र 20 वर्ष निवासी नयागांव नरसिंहपुरा मंदसौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 223(ए) में प्रकरण दर्ज किया।

### मारपीट करने वाले 9 गिरफ्तार, जुलूस निकाला

रतलाम। सोमवार रात स्टेशन रोड थाने के पीछे पुलिस लाइन में युवाओं के दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जमकर लात घूंसे व लाठियां चली थी। मारपीट का वीडियो सामने आया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने ९ लोगों को पकड़ा। बुधवार शाम मारपीट करने वालों का पैदल जुलूस के रूप में थाने से बाहर तक लाए। फिर पुलिस वाहन में बैठकर एसडीएम कोर्ट लेकर गए। पुलिस के अनुसार विवाद और मारपीट का कारण आपसी लेनदेन का

### दान-पुण्य का दौर चला; भाजपा नेताओं ने तेलिया तालाब पर मनाया उत्सव

# रेडी और काटा है के शोर से गूंजा मंदसौर, मंदिरों में लगा तिल-गुड़ का भोग

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



आस्था, परंपरा और उल्लास का पर्व मकर संक्रांति मंगलवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ छतों से च्वो काटा है की गूंज सुनाई दी, वहीं मंदिरों में भगवान को तिल-गुड़ का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस पर्व के साथ ही मलमास समाप्त हो गया है और अब मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में मकर संक्रांति का विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर के गर्भगृह और परिसर को रंग-बिरंगी पतंगों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान पशुपतिनाथ को विशेष रूप से तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, लोगों ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शहर की छतों पर सुबह से ही युवाओं और बच्चों की टोली पतंगबाजी का लुत्फ उठाती नजर आई। चेढीज और च्काट है के शोर से आसमान गूंज उठा। वहीं, शहर के खुले मैदानों में पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा का भी आनंद लिया गया। युवाओं के बीच पतंग काटने की होड़ और प्रतियोगिताएं दिनभर चलती रहीं। संक्रांति के पावन अवसर पर दान का विशेष महत्व रहा। धानमंडी सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दानदाताओं ने दरिद्र नारायणों को भोजन कराया। गौशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने गायों को हरी घास खिलाई। मंदिरों में तिल, गुड़ और खिचड़ी के दान का दौर भी दिनभर चलता रहा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा तेलिया तालाब के समीप संक्रांति पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया और भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने एक-दूसरे को तिल-गुड़ खिलाकर पर्व की बधाई दी और इस पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मलमास की समाप्ति हो गई है। इसके साथ ही अब विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे शुभ और मांगलिक कार्यों की बाधाएं दूर हो गई हैं और आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### समाज सेवा में उत्कृष्ट नेतृत्व करने पर नागर व दवे का हुआ सम्मान



पिपलिया मंडी। 11 जनवरी रविवार को परशुराम धाम (गुराडिया दीदा) परिसर में ब्रह्मपरिषद मंदसौर द्वारा संस्था प्रमुख गोपाल पंचारिया द्वारा आयोजित विशाल ब्रह्म सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवकरण प्रधान के कर कमलों से नागर ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश नागर एवं बालकृष्ण दवे द्वारा समाज में सराहनीय सेवा एवं उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया जाने पर सम्मेलन में शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर विप्र बांधुओ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, गोविंद नागर, मोहन नागर, योगेन्द्र नागर,हरीश दवे,विजय नागर , वासुदेव नागर,मंदिर पुजारी मुकेश नागर, राजेंद्र नागर, नागर ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती भगवती नागर, श्रीमती अलका नागर श्रीमती रेखा नागर सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर मंदिर दर्शन कर दान व गौ माता को खिलाई हरी घास

नीमच। शहर व क्षेत्र में मकर संक्रांति के अवसर पर १४ जनवरी को सुबह से देव दर्शन और दान पुण्य का कार्यक्रम जारी रहाद्य विभिन्न मंदिरों में पूजा व अन्य कार्यक्रमों के साथ श्रद्धालुओं में देव दर्शन के बाद गरीबों को तिल गुड़ व अन्य सामग्री दान की। जवाहर नगर स्थित योगेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शनार्थ तांता रहा. वहीं मंदिर पर बैठे दरिद्र नारायण को तिल गुड़, कंबल,कपड़े आदि सामग्री दान की गई द्य साथ ही गौ माता को हरी घास खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस तरह दिनभर दान पुण्य और तिल गुड़ की प्रसादी का दौर चलता रहा द्य हालांकि बुधवार 14 जनवरी की शाम को सूर्य देव ने उत्तरायण में प्रवेश कियाद्य इस गणना से कल दोपहर तक मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा कल भी लोग इसी क्रम को जारी रखेंगे दान पूर्णिमा और देव दर्शन करने मंदिरों तक जाएंगे द्य इस तरह मकर संक्रांति पर्व इस बार दो दिवसी हो जाएगा।

# ओम हास्य नमः संस्था द्वारा मकर संक्रांति पर हुआ हास्य व्यंग्य का अनूठा आयोजन.. वो काटा है..

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ओम हास्य नमः संस्था द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर हास्य व्यंग्य का अनूठा आयोजन.. वो काटा है.. का आयोजन शिवाजी पार्क में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के अध्यक्ष मुकेश जोशी थे। विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि दिनेश दिग्गज थे। अध्यक्षता भारतीय ज्ञानपीठ के संचालक संदीप कुलश्रेष्ठ ने की। इस अवसर पर युवा कवि सुगनचंद जैन ने पत्नी की महिमा गाकर पेंच लड़ाये... उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं पत्नी समस्या बड़ी है, कुछ कहते हैं पत्नी मुसीबत की लड़ी है.. कुछ की कश्मीर समस्या बन के सामने खड़ी है, कुछ की प्यार में जबरन गले पड़ी है ..



किसी की हसीन है, किसी की कमसिन है, किसी की मुस्कुराहट किसी की गमगीन है। अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अशोक भाटी ने तंज करते हुए कहा कि ...दुर्गुणों से लबालब एक समंदर मिला हमें, मत पूछ क्या-क्या तेरे अंदर मिला हमें... हमने तो तोहफे फिर में दिए हैं मौसम वसंत के, आपसे ठिठुरता हुआ दिसंबर मिला। राजनीति पर व्यंग्य की प्रत्यंचा चढ़ाकर हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने कहा कि... राजनीति में वही सफल है जो ना छोड़े कोई मौका चाहे उसके लिए देना पड़े अपने ही बाप को धोखा। सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने मालवी भाषा में छंद और दोहे सुना कर आनंद में इजाफा किया। मालवी भाषा में कहा कि...सेठ लायो सेठानी दम सेठानी बड़ी सोहनी... घूंघट उठाई के देखो तो मुंडा में कोनी...।

व्यंग्यकार शशांक दुबे ने करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि... नए पुराने दंपति में यही अंतर है कि जब नए शादीशुदा युवक की पत्नी मायके जाती है तो वह मथुरा के पे पेड़ों सा, दाढी उगाए अरिजीत सिंह के गाने सुनता हुआ वह वो सात दिन गुजरात है ...जबकि पुराने पतियों का मामला अलग है, अव्वल तो उनकी बीवी मायके जाती नहीं... जाए भी तो कैसे बच्चा यदि जूनियर के जी में भी हो तो उसका होमवर्क ड्राइंग कराटे मैच की क्लास भी संभालती पड़ती है...। इस अवसर पर कवि एवं साहित्यकार संगीता अशोक तल्लेरा का शॉल श्रीफल, मोमेंटो प्रदान कर अभिनंदन किया गया। संगीता जैन ने मालवी कविता जाड़ा को मजा ज्?दा आवे...बारी खोलो तो ठंडी हवा आए नहीं खोलो तो बत्ती को बिल ज्यादा आए, सगलो काम निपटाई के ओढ़ि के बैठो, तो सच्ची तम्हरी सोगन.. इत्ता आनंद आए ... पन घंटी बज जाए तो किवाड़ खोला में घणो जोर आए...। अंजलि तल्लेरा ने सभी का तिल गुड़ के लड्डू से मुंह मीठा कर स्वल्पाहार कराया। संगीता अशोक तल्लेरा के निवास पर तल्लेरा परिवार द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं कवियों का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन अशोक तल्लेरा ने किया।

# जनहित के निर्माण कार्यों में प्रगति लाएं : कलेक्टर

### जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा शासकीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक द्वारा जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, बी एल सी घटक 1.0, बी एल सी घटक 2.0, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, अमृत योजना 2.0, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, गीता भवन निर्माण कार्य, विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन संबंधी कार्य की प्रगति, एसबीएम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, अनधिकृत कॉलोनी की जानकारी का नगरीय निकायवार प्रस्तुति करण दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण कार्यों में रिकवरी संबंधी कार्यवाही की जाए, इस संबंध में न्यायालय कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को जानकारी दी जाए तथा आरआरसी के प्रकरणों का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सी एम ओ पिपलोदा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए पी ओ डूडा को निर्देशित किया।

### नीमच में चाइनीज माँझा बेचने वाले दुकानदार को किया गिरफ्तार

नीमच। चाइनीस मजे से प्रदेश भर में हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सख्त हुआ है द्य पिछले एक बार से पतंग मां जी का दौर जारी है जिसमें इंदौर उज्जैन मंदसौर नीमच सहित छोटे शहरों में भी पतंगबाजी का चलन बढ़ गया है द्य आईगेट दिनों जिले सहित उज्जैन में इंदौर में घाटी मजे से घायल होने की घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत से प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन और सख्त हुआ है और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत मकर संक्रांति के पावन पर्व से ठीक पहले नीमच कैंट पुलिस ने नया बाजार स्थित बड़ी मंडी की एक दुकान पर छापा मारकर करीब 10 हजार मीटर प्रतिबंधित मांझा बरामद किया है। इस कारवाई में एक दुकानदार को गिरफ्तार

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुंदी में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांदीपनि विद्यालय मूंदी में अनुशासन, ऊर्जा और राष्ट्रचेतना का अदभूत संगम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा /मुंदी



स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को सांदीपनि विद्यालय मूंदी का प्रांगण देशभक्ति, अनुशासन से सराबोर नजर आया। यहाँ भव्य सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ भारत सशक्त भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं एसएमडीसी सदस्य केशव गीते तथा नारायण सिंह मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य सुश्री सीमा राठौर ने किया। मुख्य अतिथि चंद्रमोहन राठौर ने स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी जीवन, उनके विचारों और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद का सपना था कि आज का युवा ऐसा हो जो शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने युवाओं से विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के संदेश प्रसारण से जुड़कर मिनट-टू-मिनट निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन, एकरूपता और उत्साह के साथ सूर्य नमस्कार कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षक नरेंद्र सोनी ने किया।जबकि आभार प्रदर्शन शिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुर्जर,सुनीता सोलंकी, पूजा यादव, ममता फूलमाली,अरविंद राठौर,मोहन गढ़वाल, शैलेंद्र साधव, मुकेश काजले, संदीप मेहडा,निलेश गावड़ेकर,मयंक गीते सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक गण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# 17 से मंदसौर राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता, आयोजन समिति घोषित

**मन्दसौर।** खेल गतिविधियों के केंद्र मंदसौर में आगामी 17 एवं 18 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस गौरवशाली प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आयोजन अध्यक्ष प्रीतेश चावला द्वारा आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की अधिकृत घोषणा कर दी गई है। समिति में शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और खेल प्रेमियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजन समिति में मार्गदर्शक सांसद सुधीर गुप्ता, बंशीलाल गुर्जर, यशपाल सिंह सिसोदिया, राजेश दीक्षित, श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्रीमती रमादेवी गुर्जर, बसंत शर्मा एवं घनश्याम बटवाल बनाये गये वहीं संरक्षक विजय सुराणा, हिम्मत डांगी, गौरव अग्रवाल, विजेंद्र देवड़ा, विनोद डगवार, अरविंद सारस्वत एवं मुकेश काला को बनाया गया। समिति के उपाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, बंशी राठौर, हेमंत शर्मा, राजेश गुर्जर एवं सूरज प्रताप सिंह तोमर, सचिव ओमप्रकाश सूर्यवंशी, संयुक्त सचिव आशुतोष नवाल, हीरालाल मालवीय, अंकित सोनी, पप्पू जैन एवं निर्विकार रातड़िया, कोषाध्यक्ष विमलचन्द मच्छीरक्षक एवं हिम्मत लोढ़ा बनाये गये है। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य की भी घोषणा की । यह समिति व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देंगे।

# मन्दसौर जिले के 20 मंडलों और 13 बस्तियों में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मन्दसौर जिले के 20 मंडलों एवं 13 बस्तियों में आयोजित हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, संगठन और सांस्कृतिक चेतना के महाकुंभ बन गए। इन सम्मेलनों के माध्यम से न केवल हिंदू समाज की एकता का प्रदर्शन हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारों और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का सशक्त प्रयास भी किया गया।

सम्मेलन में पधारे संत-महात्माओं ने अपने आशीर्वचन में हिंदू धर्म की वैज्ञानिकता और महानता पर प्रकाश डाला। संतों ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म केवल एक पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन पद्धति है जो करुणा और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों और संस्कारों को न भूलें।

सम्मेलनों में महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण और पारिवारिक एकता को बनाए रखना माताओं की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव है।

वक्ताओं ने संघ की एक शताब्दी की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि सेवा और संगठन के माध्यम से संघ निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगा है। वक्ताओं ने वर्तमान समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए पंच परिवर्तन के संकल्प को आत्मसात करने पर बल दिया। जिलेभर में आयोजित इन सम्मेलनों में युवा वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के हर तबके ने सक्रिय भागीदारी की। उपस्थित जनसमूह ने हिंदू समाज को संगठित करने और पंच परिवर्तन को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारने का सामूहिक संकल्प लिया। आयोजकों ने इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## विवाद में दो पक्ष भिड़े 12 से अधिक लोग घायल

**नीमच।** जिले के कुकडेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंडलिया के गांव चिकली में कल शाम दो पक्षों में विवाद हुआ था विवाद इतना बढ़ गया को लाठी डंडे पत्थर बाजी कर मारपीट की गईद्य जिसमें दोनों पक्ष के लगभग 12 महिला पुरुष घायल हे मारपीट का वीडियो भी आया हे काम चोट वाले घायलों का उपचार मनासा में जारी हे

# लायंस क्लब ने नेत्र ज्योति के लिए निकाली रैली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

नेत्र चिकित्सालय आवश्यक है, वैसे ही आत्मा की ज्योति के लिए व्यास गादी आवश्यक है कथा वाचक गुरुदेव पं. भीमाशंकर शास्त्री (धारिया खेड़ी) ने दिया। लायंस इंटर नेशनल साइट फर्स्ट अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशाल अंधत्व निवारण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर रहे थे। इस रैली का आयोजन लायंस क्लब एवं लायंस नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर गुरुदेव शास्त्री, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेंद्र गर्ग एवं समाजसेवी व पूर्वाध्यक्ष डॉ. एच.एस. राठौर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्लब की ओर से गुरुदेव का शाल, श्रीफल एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर अभिनंदन किया । साथ ही सभी अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

अपने उद्बोधन में पं. शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार नेत्र चिकित्सालय आंखों को रोशनी प्रदान करता है, उसी प्रकार व्यास गादी आत्मा को शुद्ध कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को अत्यंत पुण्यकारी बताते हुए रैली में उपस्थित लायन सदस्यों, चिकित्सालय कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

## रणजीत सिंह ने मकर संक्रांति पर गायों और स्वान दस्ते को गुड और रोटी का करवाया सेवन

**पिपलिया मंडी।** 14 जनवरी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मकर संक्रांति के अवसर पर गौ माता को गुड और रोटी का सेवन करवाने के साथ ही साथ स्वान दस्ते को भी भोजन करवाया और अपने संदेश में कुंवर शक्तावत ने आम आवाम से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के त्योहारों के अवसर पर गौ माता और स्वान दस्ते के साथ ही साथ पशु पक्षियों की सेवा करना सुनिश्चित करें और जब आप पशु पक्षियों की सेवा करेंगे तो निश्चित ही आपके घर में सुख,शांति और समृद्धि का वातावरण निर्मित होगा और यह प्राणी किसी से मांग नहीं सकते हैं इन्हें अपनी श्रद्धा के अनुसार खिलाना चाहिए और यही मानव धर्म है और सभी लोगों को से निभाना चाहिए इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकर्ता दुलीचंद सुथार,रविंद्र,तेजेंद्र,चंद्रपाल, प्रदीप गहलोत आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने सेवा संकल्प के साथ मनाया जन्म दिवस

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिकच द्वारा लायनवाद के जनक मेल्विन जोन्स का जन्म दिवस संस्थापक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा विक्षिप्त महिला आश्रम पहुँचकर वहां निवासरत महिलाओं के साथ समय बिताया गया। क्लब की अध्यक्ष लायन उषा चौधरी ने कहा कि, सेवा ही हमारा परमो धर्म है। मेल्विन जोन्स के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के वंचित वर्ग के चेहरों पर मुस्कान लाना ही हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों ने सभी उपस्थित महिलाओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया। इस मेल-मिलाप के दौरान उत्सव जैसा माहौल बन गया, जहाँ कुछ महिलाओं ने सुरीले गीत गाए तो कुछ ने उत्साह के साथ नृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से क्लब सचिव सीमा धनोतिया, चित्रा मंडलोई, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, चंद्रकांता पौराणिक, और रीमा सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# वन स्टॉप सेंटर पर 50 शौर्या दल सदस्यों का बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जिले में किशोर सशक्तिकरण के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी रतन सिंह गुन्डिया ने बताया कि किशोर सशक्तिकरण के लिए जिले में आंगनवाडी स्तर पर शौर्या दल का गठन किया गया है. जिसका उद्देश्य है, कि महिलाएं व किशोरी बालिकाएं अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हों एवं इनका उपयोग करनें में सक्षम हों । स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं अपनी समान पहुँच बना सकें। महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति समाज की नकारात्मक सोच, कुप्रथाओं। महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के मुद्दों को समाज के समक्ष दृढता से प्रस्तुत करना तथा सामाजिक विकास में उनकी भागीदारी को बढावा देना। परियोजना स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर पर किया गया था। कार्यक्रम में सहायक संचालक सुप्रिया मेडा ने किशोरी बालिकाओं को नेतृत्व पर ओरिएंट किया तथा वन स्टॉप सेंटर सहित एनी सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अगले चरण में किशोर सशक्तिकरण जिला समन्वयक शैलेश बैरागी द्वारा जेंडर, बाल संरक्षण तथा साइबर सुरक्षा पर चर्चा की गई.

## नर्मदा जयंती आयोजन के कार्यक्रम हेतु विशेष अधिकारी नियुक्त

**बड़वानी।** नर्मदा जयंती के अवसर पर जागीरदारपुरा घाट पर 22 जनवरी से 25 जनवरी तक कथा श्रवण, प्रसादी एवं भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमति जयति सिंह ने पुलिस एवं ट्राफिक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को,पेयजल टेंकर, चलित शौचालय के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बड़वानी एवं जनपद पंचायत बड़वानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बड़वानी को, मेडिकल स्टाफ के एम्बुलेंस की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बड़वानी को, घाट पर सुरक्षा हेतु लाईफ जैकेट, नाव, एसडीआरएफ जवानों की ड्यूटी हेतु डिस्ट्रीक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड बड़वानी को,मजिस्ट्रीयल ड्यूटी हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़वानी को नियुक्त किया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बाघ खंड के आगर मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें 9 ग्राम आगर पिपरी कुडूझेता बाकी कदवाल नाहवेल बागपुरा जामला वेकलिया ग्राम के लगभग पांच हजार हिन्दू समाज के युवा मातृशक्ति पुरुष सम्मिलित हुए।

मंच पर उपस्थित तडवी पटेल समाज के प्रमुख व्यक्तियों के द्वारा भारत माता टंट्या मामा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मंचासीन समस्त अतिथि और उपस्थित जनों को संयोजक रतन सिंह किराडे सहसंयोजक कैलाश भंवर अर्जुन जमरा कोषाध्यक्ष भेरू सिंह जमरा सह कोषाध्यक्ष इंदर सिंह जी द्वारा केसरिया दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपस्थित जनों को आदिवासी भाषा में संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के श्री तेरसिंह चौहान कहा की पर्यावरण संरक्षण में वनवासी जनजाति समाज की अहम भूमिका रही है हमारे महापुरूषों ने हिंदू धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को विभाजित करने की साजिशे रची जा रही है लेकिन हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए सभी हिंदू आपस में भाई-भाई की भावना से जुड़े रहे तभी सुरक्षित रहेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख भूपेंद्र जी राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार ने महापुरुषों के विचारों से प्रेरित होकर संघ की स्थापना हिंदुओं के स्वाभिमान को जगाने के लिए की थी उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार के बलिदान के संबंध में उपस्थित जनों को प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से अवगत कराया उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला.

## खण्डेलवाल स्मृति निःशुल्क मस्तिष्क रोग परामर्श शिविर 17 जनवरी को

**नीमच ।** शहर में आगामी 17 जनवरी को मेदांता हॉस्पिटल की वरिष्ठ न्यूरो विशेषज्ञ देंगी परामर्श व टॉक शो का आयोजन किया जा रहा है द्य वरिष्ठ पत्रकार एवं मीसाबंदी स्वर्गीय श्री गोपाल जी खण्डेलवाल के 85 वें जन्मस्मृति वर्ष पर नगर समस्या सुझाव ग्रुप (एनएसएसजी) द्वारा वैश्य महासम्मेलन व खण्डेलवाल वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 17 जनवरी को निःशुल्क मस्तिष्क रोग परामर्श एवं परिचर्चा (टॉक शो) का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर की वरिष्ठ एवं ख्यातिप्राप्त मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति चिंचुरे (एमडी, डीएम-न्यूरो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) परामर्श देंगी। शिविर का आयोजन शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक (दो घण्टे) वाधवा हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम, विकास नगर, नीमच में किया जाएगा। इस अवसर पर मस्तिष्क संबंधी गंभीर बीमारियों जैसे दिमाग में ब्लीडिंग, ब्रेन की नस का गुब्बारा, स्ट्रोक, ब्रेन अटैक, लकवा/पैरालिसिस, गर्दन की कैरोटिड नस में ब्लॉकेज, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी, बार बार सिरदर्द एवं अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।



## विवादों में घिरी यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक

### टीजर को लेकर सेंसर बोर्ड में की गई शिकायत, अश्लील सीन हटाने की मांग की गई

यश स्टारर फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स विवादों में फंस गई है। फिल्म को लेकर सोशल एक्टिविस्ट दिनेश कल्लाहल्ली ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीजर में मौजूद कुछ सीन को अश्लील, आपत्तिजनक और नैतिक मूल्यों के खिलाफ बताया है।

एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीएफसी चेयरपर्सन प्रसून जोशी को की गई शिकायत में सोशल एक्टिविस्ट ने कहा कि टॉक्सिक के टीजर में बहुत ज्यादा अश्लील, सेक्सुअली एक्सप्लिसिट और वल्गर सीन हैं। जो खुले तौर पर सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इससे बच्चे और युवा भी ऐसे कंटेंट देख रहे हैं, जो कानून और समाज दोनों के लिए ठीक नहीं है।

एक्टिविस्ट का कहना है कि यह टीजर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा से बाहर है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अश्लील और सेक्सुअली एक्सप्लिसिट कंटेंट को संवैधानिक सुरक्षा नहीं मिलती।

उन्होंने सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952, फिल्म सर्टिफिकेशन नियमों और सीबीएफसी की गाइडलाइंस का भी हवाला दिया। उनका कहना है कि फिल्मों, ट्रेलरों और प्रमोशनल कंटेंट में शालीनता, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के मानकों का पालन होना चाहिए। शिकायत में सीबीएफसी से टीजर को रिव्यू करने, आपत्तिजनक सीन हटाने और उसके प्रसार पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही फिल्म टॉक्सिक से जुड़े डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जरूरी कानूनी और नियम के अनुसार कार्रवाई की भी अपील की गई है। शिकायत में आगे कहा गया है कि इस मामले पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि यह मुद्दा पब्लिक मोरेलेटी, बच्चों की सुरक्षा और कानून के पालन से जुड़ा है।

### हर्ष मेहता संग डेटिंग की खबरों पर मलाइका का रिएक्शन

# लोगों को बातें करना पसंद



**एक्स अर्जुन कपूर को बताया लाइफ का अहम हिस्सा**



मलाइका अरोड़ा को बीते साल डायमंड बिजनेसमैन हर्ष मेहता के साथ स्पॉट किया गया था, जिसके बाद उनकी लव लाइफ को लेकर अटकलें लगने लगी थी। अब एक्ट्रेस ने इन अफवाहों पर रिएक्शन दिया है। इसके अलावा उन्होंने एक्स बॉयफ्रेंड एक्टर अर्जुन कपूर को लेकर भी बात की है।

द नम्रता जकारिया के शो में अर्जुन के बारे में बात करते हुए मलाइका ने कहा, वह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। चाहे कुछ भी हो जाए मेरे लाइफ का अहम हिस्सा रहे हैं।

मैं अपने अतीत या भविष्य के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहती। इस बारे में पहले ही बहुत कुछ लिखा और दिखाया जा चुका है। मेरी निजी जिंदगी मीडिया के लिए फीडिंग ग्राउंड बन गई है।

जब होस्ट ने अर्जुन से ब्रेकअप के बाद हर्ष के बारे में पूछा तो इस पर मलाइका कहती हैं- लोगों को बातें करना पसंद है। अगर आपको किसी के साथ स्पॉट किया जाता, आप बाहर जाते हैं तो यह एक डिस्कशन का प्वाइंट बन जाता है। मैं बिना वजह इन बातों को हवा नहीं देना चाहती। मैं ऐसा नहीं करना चाहती क्योंकि इससे वास्तव में कोई फायदा नहीं होगा।

यकीन मानिए, मैं जब भी बाहर निकली हूं, चाहे वह कोई पुराना दोस्त हो, गे फ्रेंड हो, शादीशुदा दोस्त हो, कोई पुराना दोस्त हो, मैनेजर हो या कोई भी हो...मेरा नाम तुरंत उस इंसान से जुड़ जाता हैं। हम इस पर हंसते और मजाक बनाते हैं।

बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में



मुंबई में एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में मलाइका को डायमंड बिजनेसमैन हर्ष मेहता के साथ देखा गया था। 33 साल के हर्ष उसके बाद एक-दो और मौकों पर मलाइका के आसपास नजर आए।

सोशल मीडिया पर दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाया जाने लगा। कुछ रिपोर्ट्स ने ये तक लिखा कि अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका हर्ष को डेट कर रही हैं।



## अमीषा पटेल के नाम से फेक नंबर सर्कुलेट

### एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फैंस को अलर्ट किया, स्क्रीनशॉट शेयर कर बोलीं- ये मैं नहीं हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपने फैंस को फेक नंबर से सावधान रहने की चेतावनी दी है। अमीषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में संदिग्ध कॉटैक्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए बताया कि कोई उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने साफ किया कि सकुर्लेट होने वाला नंबर उनका नहीं है। स्क्रीनशॉट के साथ एक्ट्रेस ने लिखा- यह नंबर फर्जी है और यह व्यक्ति धोखेबाज है। कृपया इसके झांसे में न आएं। यह मैं नहीं हूं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लोगों को इस स्कैम के बारे अलर्ट करते हुए अपील की है कि उनके नाम से किए गए किसी भी फर्जी कॉल या मैसेज का शिकार न बनें और सतर्क रहें। इस पूरे मामले पर चिंता जताते हुए अमीषा ने कहा कि डिजिटल स्पेस में गलत सूचना कितनी आसानी से फैल सकते हैं, खासकर जब इसमें पब्लिक फिगर शामिल हों। इस मुद्दे की गंभीरता पर जोर देते हुए, उन्होंने फैंस को चेतावनी दी कि फर्जी नंबर के पीछे का व्यक्ति उनकी पहचान का दुरुपयोग करके लोगों को धोखा देने की कोशिश कर सकता है।

अमीषा की वर्क फ्रंट की बात करें तो साल 2023 में उनकी 'गदर-2' आई थी, जो कि उनकी कमबैक फिल्म थी। ये एक्ट्रेस की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी।

अमीषा ने 2000 में फिल्म कहो ना... प्यार है से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने गदरः एक प्रेम कथा, हमराज और क्या यही प्यार है जैसी फिल्म की हैं।

कई हिट फिल्मों के बाद उनके करियर में उतार-चढ़ाव भी आए। लीड रोल करने वाली अमीषा ने फिर हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड,भूल भुलैया और रेस 2 जैसी फिल्मों में सपोर्टिंग रोल निभाए।

# आरजे महवश को डेट नहीं कर रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल लंबे समय से आरजे महवश से डेटिंग की खबरें से सुर्खियों में हैं, हालांकि अब क्रिकेटर ने साफ किया है कि वो सिंगल हैं और आरजे महवश उनकी दोस्त हैं। इसके अलावा युजवेंद्र चहल ने पूर्व पत्नी और एक्ट्रेस धनश्री वर्मा से तलाक पर भी बात की है।

**कहा- हम सिर्फ दोस्त, धनश्री से तलाक पर बोले- खुश रहे, कोर्ट से निकलते ही सब खत्म हुआ**



तलाक पर बात करते हुए युजवेंद्र चहल ने हाल ही में मेशेबल इंडिया के इंटरव्यू में कहा है, 'वो मेरी जिंदगी का एक चैप्टर था, जो अब खत्म हो चुका है। मैं उस चीज से निकल चुका हूं। मैं उस बारे में बात कर उस जगह में फंसा नहीं रहना चाहता। मैं इसमें अटका नहीं रहना चाहता। मेरी अपनी जिंदगी चल रही है, उनकी (धनश्री की) अपनी जिंदगी चल रही है। वो अपनी लाइफ में खुश रहे, हम अपनी लाइफ में खुश हैं। खुश रहो, किसी को दुखी कर क्या मिलता है जिंदगी में। कोर्ट से बाहर आकर ही सब खत्म हो गया था।'

इंटरव्यू के दौरान युजवेंद्र चहल ने डेटिंग रूमर्स पर भी बात की है। उनसे जब आरजे महवश के साथ वायरल हुईं वीडियोज पर सवाल किया गया, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'दोस्त वगैरह घूमते हैं, तो वीडियो आ जाता है। दोस्त है, कोई रिलेशनशिप नहीं है। हैप्पी सिंगल।'

बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का नाम लगातार आरजे महवश से जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई मौकों पर साथ डिनर करते और स्टेडियम में मैच एंजॉय करते देखा जा चुका है। बीते साल कपिल शर्मा के शो में भी आरजे महवश से रिलेशनशिप का हिंट दिया था।

शो में कृष्णा अभिषेक ने लड़कियों की तरह तैयार होकर और युजवेंद्र की जमकर खिंचाई की थी। कृष्णा ने चहल से कहा था, डरते क्यों हो। बाकी इंस्टाग्राम पर देखा है। डरते तो नहीं ज्यादा।

कुछ देर बाद कीकू शारदा ने युजवेंद्र का बैग चेक करते हुए उनकी शर्ट में लिपस्टिक मार्क दिखाकर पूछा था, ये क्या चल रहा है, युजवेंद्र चहल जी। कौन है ये। पूरा इंडिया जानना चाहता है। आज कल बड़े आप ऐसे रहते हो हां। कौन है ये।इसके जवाब में युजवेंद्र हंसते हुए कहा था, इंडिया जान चुका है।



अंडर-19 टूर्नामेंट का आगाज आज से, 22 दिन में 41 मुकाबले होंगे, जानिए भारत-पाकिस्तान मैच होगा या नहीं

# क्या भारत जीतेगा छठा अंडर-19 वर्ल्ड कप


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप 2026 का 16वां एडिशन आज से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक दो अफ्रीकी देश जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। इस वर्ल्ड कप में कुल 41 मुकाबले खेले जाएंगे।

22 दिनों तक चलने वाले इस मेगा इवेंट में 16 टीमें खिताब के लिए मैदान पर उतरेंगी। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है, जबकि सबसे ज्यादा पांच बार ट्रॉफी जीत चुका भारत छठा टाइटल जीतने के लिए मैदान में होगा।

वर्ल्ड कप के सभी मैच जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाएंगे। मुकाबले स्थानीय समय के अनुसार सुबह 9:30 बजे शुरू होंगे, जबकि भारतीय समय के हिसाब से दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। टूनामेंट का पहला मैच 15 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच जिम्बाब्वे के बुलावायो स्थित क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

**फॉर्मेट क्या होगा-** सभी मुकाबले 50-50 ओवर के होंगे। टूर्नामेंट की शुरूआत ग्रुप स्टेज से होगी, जहां 16 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और हर टीम अपने ग्रुप की बाकी टीमों से एक-एक मैच खेलेगी। ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप की टॉप-3 टीमें यानी कुल 12 टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेसमेंट मैच खेलेंगी।




सुपर सिक्स स्टेज में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप-ए और ग्रुप-डी की टॉप-3 टीमें मिलकर एक ग्रुप बनाएंगी, जबकि ग्रुप-बी और ग्रुप-सी की टॉप-3 टीमें दूसरे सुपर सिक्स ग्रुप में शामिल होंगी। इस स्टेज की सबसे खास बात यह है कि ग्रुप स्टेज में जिन टीमों को हराकर कोई टीम सुपर सिक्स में पहुंचती है, उनके खिलाफ हासिल किए गए पॉइंट्स आगे भी जोड़े जाएंगे। सुपर सिक्स के बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और फिर जीतने वाली टीमें 6 फरवरी को हरारे में फाइनल खेलेगी।

**भारत का ग्रुप और मुकाबले-** भारत को ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अमेरिका से होगा। टीम अपने सभी ग्रुप मुकाबले जिम्बाब्वे के बुलावायो में खेलेगी। टूर्नामेंट से पहले खेले गए अभ्यास मैचों में भारत को एक जीत और एक हार का सामना करना पड़ा। पहले मुकाबले में भारत ने स्कॉटलैंड को हराया, जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में 96 रन बनाए। दूसरे अभ्यास मैच में टीम को इंग्लैंड के खिलाफ करीबी हार का सामना करना पड़ा।

- **भारत-पाकिस्तान मैच होगा या नहीं-** इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान अलग-अलग ग्रुप में रखे गए हैं। ऐसे में ग्रुप स्टेज में दोनों टीमों की भिड़ंत नहीं होगी। हालांकि, अगर दोनों टीमें सुपर सिक्स या सेमीफाइनल तक का सफर तय करती हैं, तो नॉकआउट स्टेज में भारत-पाकिस्तान मुकाबला देखने को मिल सकता है। हाल ही में दोनों टीमों की टक्कर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में हुई थी, जहां पाकिस्तान ने भारत को हराकर खिताब अपने नाम किया था।
- **भारत के नाम 5 व-19 वर्ल्ड कप खिताब-** भारत अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे सफल टीम रही है। टीम अब तक पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018 और 2022) यह खिताब जीत चुकी है, जबकि 2006, 2016, 2020 और 2024 में टीम उपविजेता भी रही। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 2024 के फाइनल में भारत को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया अब तक कुल चार बार चैंपियन बन चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने दो बार, जबकि वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड एक-एक बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीत चुके हैं।
- **किन खिलाड़ियों पर होंगी निगाहें-** इस वर्ल्ड कप में कई ऐसे प्लेयर्स हैं, जो आगे जाकर अपने देश के लिए खेल सकते हैं। भारत के वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने महज 14 साल की उम्र में शतक लगाकर नाम बनाया है। पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ 172 रन पारी खेली थी।

## विदर्भ और पंजाब विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में



### दिल्ली को पंत-बडोनी की कमी खली, एमपी की बैटिंग फेल रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

विदर्भ और पंजाब की टीमों ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को बेंगलुरु में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया। जबकि पंजाब ने मध्यप्रदेश पर 183 रन की जीत दर्ज की। यह पंजाब की इस टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत हैं।

घरेलू वनडे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 15 और 16 जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। पहला मैच विदर्भ और कर्नाटक के बीच खेला जाएगा। जबकि, दूसरा सेमफाइनल मुकाबला सौराष्ट्र और पंजाब के बीच खेला जाएगा।

तीसराः एमपी बनाम पंजाब; पंजाब के 4 बैटर्स की फिफ्टी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के पहले मैदान पर मध्यप्रदेश के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 6 विकेट पर 345 रन बनाए। कप्तान प्रभसिमरन सिंह (88 रन), अनमोलप्रीत सिंह (70 रन), नेहाल वधेरा (56 रन) और हरनूर सिंह (51 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। टीम की शुरूआत खराब रही। उसके 17वें ओवर में 5 विकेट 66 रन पर गिर गए थे। रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर

मुक्केबाज मैरी कॉम पर अफेयर के आरोप

## पूर्व पति ने कहा- उसका एक जूनियर बॉक्सर से अफेयर था, मेरे पास सबूत हैं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम पर शादी के बाद एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगे हैं। ये आरोप मैरी कॉम के पूर्व पति करुंग ओंखोलेर (ऑनलर) ने लगाए हैं। उन्होंने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा- 'मैं एक टीवी शो में कही गई बातों पर बोलूंगा। सबसे पहले 2013 में उसका एक जूनियर बॉक्सर के साथ अफेयर था। इसे लेकर हमारे परिवारों में झगड़ा हुआ, फिर समझौता हो गया।

ऑनलर ने आगे कहा- '2017 से वह मैरी कॉम बॉक्सिंग एकेडमी में काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में थीं। उनके व्हाट्सएप मैसेज मेरे पास सबूत के तौर पर हैं। मेरे पास उस व्यक्ति का नाम भी है। मैं अब तक चुप रहा।' पिछले साल मैरी कॉम ने ऑनलर से तलाक की पुष्टि की थी। मैरी कॉम ने 30 अप्रैल 2025 को पोस्ट पर किसी रिश्ते में होने की बात को खारिज किया था।

ओंखोलेर ने आगे कहा- मैरी किसी और के साथ रहना चाहती थीं। इसी वजह से रिश्ते में दरार आई। अब हमारा तलाक हो चुका है। अगर वह दूसरी शादी करना चाहती हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं, लेकिन मुझ पर झूठे आरोप न लगाएं। अगर आरोप लगाने हैं तो सबूत सामने लाएं।

मैरी कॉम ने ऑनलर पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे इस हफ्ते मैरी कॉम ने एक टीवी शो में खुलासा किया कि उन्होंने 2023 में अलग होने का फैसला इसलिए लिया था। क्योंकि, ऑनलर ने उनके बॉक्सिंग करियर से कमाई गई रकम में धोखाधड़ी की। मैरी का आरोप है कि ऑनलर ने उनकी जानकारी के बिना उनके नाम पर लोन लिया, संपत्ति गिरवी रखी और कुछ एसेट्स अपने नाम ट्रांसफर कर लिए थे।

## झज्जर के सुमित नागल डेविस कप क्वालिफायर्स टीम में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले भारत के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल एक बार फिर देश की डेविस कप उम्मीदों का चेहरा बनकर सामने आए हैं। हाल ही में सुमित नागल को नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप 2026 क्वालिफायर्स के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

मुकाबला 7 और 8 फरवरी को एस. एम. कृष्णा टेनिस स्टेडियम, बेंगलुरु में खेला जाएगा। सुमित नागल के अलावा युकी भांबरी और करण सिंह को मुख्य टीम में जगह मिली है, जबकि दिग्विजय सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। वहीं हरियाणा के खिलाड़ी सुमित नागल ने भारत को पिछले साल 32 सालों का रिकार्ड तोड़ा था और यूरोपीय टीम को हराकर डेविस कप अपने नाम किया था। विश्व रैंकिंग 279 पर काबिज सुमित नागल हाल ही में राउंड ग्लास टेनिस अकादमी से जुड़े हैं। उनका यह कदम अकादमी के लिए भी मील का पत्थर माना जा रहा है, जिसने खुद को देश के सबसे भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी हाई-परफॉर्मेंस टेनिस केंद्रों में स्थापित किया है। सिंगल्स मुकाबलों में सुमित नागल के साथ करण सिंह और दक्षिणेश्वर सुरेश भारत की चुनौती संभालेंगे, जबकि डबल्स में अनुभवी युकी भांबरी के ऋत्विक बोली पल्ली के साथ उतरने की संभावना है। करण सिंह इससे पहले पिछले साल फरवरी में दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में टोगो के खिलाफ डेविस कप में पदार्पण करते हुए अपने सिंगल्स मैच में जीत दर्ज कर चुके हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547



अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर

# विश्व बैंक ने जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.2% किया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग और कर सुधारों के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च, कर व्यवस्था में सुधार और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी ने भारत की विकास संभावनाओं को मजबूत किया है।

विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर को लेकर सकारात्मक आकलन पेश किया है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था ने 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। यह उसके जून के अनुमान से 0.9 प्रतिशत अधिक है।

**घरेलू मांग के चलते मजबूत वृद्धि-** विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स' में यह भी कहा है कि वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर धीमी होकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क इस दौरान लागू रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बावजूद भारत से विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज विकास दर बनाए रखने की उम्मीद है।

विश्व बैंक ने कहा कि अमेरिका को होने वाले कुछ नियातों पर उच्च शुल्क के बावजूद वृद्धि के पूवार्नुमान में जून के अनुमानों के मुकाबले कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी मुख्य वजह यह है कि उन शुल्कों के प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई घरेलू मांग में मजबूत वृद्धि और अधिक निर्यात द्वारा की गई। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 12 प्रतिशत है।

53 करोड़ से अधिक बैंक खाते और डिजिटल भुगतान में दुनिया का नेतृत्व

# जन-धन योजना ने कैसे बदला भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलकर भारत ने वित्तीय समावेश में नया इतिहास रचा है, जिसमें 56% खाते महिलाओं के हैं। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू के अनुसार, भारत 50% वैश्विक रीयल-टाइम डिजिटल भुगतान के साथ दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत की महत्वाकांक्षी वित्तीय समावेशन मुहिम ने करोड़ों नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण आबादी के आर्थिक जीवन को मौलिक रूप से बदल दिया है। 'ग्लोबल इंक्लूसिव फाइनेंस समिट' में बोलते हुए वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के शुभारंभ को भारत के इतिहास के 'सबसे परिवर्तनकारी दिनों में से एक' बताया।

नागराजू ने खुलासा किया कि इस योजना के माध्यम से अब तक 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें से 72 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लैंगिक समानता के मोर्चे पर देखा गया है, जहाँ अब 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जिसने खाता स्वामित्व के मामले में महिला-पुरुष के अंतर को समाप्त कर दिया है। नागराजू के अनुसार, इससे ग्रामीण महिलाओं में खुद को आर्थिक विकास में समान हितधारक समझने का आत्मविश्वास और सशक्तिकरण बढ़ा है।

सफलता के बावजूद, नागराजू ने कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें शुरूआती चरणों में खोले गए खातों के लिए केवाईसी (नो योर कस्टमर) विवरण को अपडेट करना, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को मजबूत करना और साइबर सुरक्षा के उपायों को बेहतर बनाना शामिल है।

सचिव ने आगामी समय के लिए तीन स्तंभों वाले दृष्टिकोण के बारे में बताया। ये हैं वित्तीय समावेशन के जरिए वित्तीय साक्षरता सुनिश्चित करना, जो अंततः ऋण पहुंच, जोखिम कवरेज और पेंशन जरिए वित्तीय सुरक्षा का माहौल बनाए। उन्होंने भरोसा जताया कि इन तत्वों के समावेश से देश अगली शताब्दी की ओर बढ़ने के लिए अधिक मजबूत और सुरक्षित बनेगा।




### डिजिटल लेनदेन और जमा राशि में रिकॉर्ड वृद्धि वित्तीय आंकड़ों के अनुसार-

- पीएमजेडीवाई खातों में जमा राशि 2.29 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल बनाती है।
- बैंकिंग सेवाओं को गांवों तक पहुँचाने के लिए 6 लाख बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।
- भारत वर्तमान में वैश्विक रीयल-टाइम भुगतान के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से के साथ डिजिटल लेनदेन में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।
- यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिसंबर 2024 में इसने 21 बिलियन से अधिक लेनदेन संसाधित किए, जो कार्ड लेनदेन की तुलना में 101 प्रतिशत अधिक है।
- डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए सरकार ने मुद्रा योजना के तहत अप्रैल 2015 से अब तक लगभग 38 लाख करोड़ रुपये के 56.32 करोड़ ऋण स्वीकृत किए हैं। इनमें से 67 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।


### यूपीआई पर क्या बोले डीएफएस सचिव?

एम. नागराजू ने मंगलवार को संकेत दिए कि भारत अब विशेष रूप से पूर्वी एशिया (ईस्ट एशिया) के देशों में यूपीआई की मौजूदगी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'ग्लोबल इंक्लूसिव फाइनेंस इंडिया समिट' को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया कि यह कदम न केवल भारतीय पर्यटकों के लिए विदेशों में लेनदेन को आसान बनाएगा, बल्कि वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को भी मजबूत करेगा।

आठ देशों में मौजूदगी और भविष्य का रोडमैप वर्तमान में, भारत का यूपीआई नेटवर्क दुनिया के आठ महत्वपूर्ण देशों- भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरीशस, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), श्रीलंका और फ्रांस में स्वीकार किया जा रहा है। इन देशों में भारतीय पर्यटक अपने घरेलू यूपीआई ऐप के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा विनिमय की जटिलताएं कम हुई हैं। सचिव नागराजू के अनुसार, भारत अब इस सफलता को पूर्वी एशियाई बाजारों तक ले जाने की तैयारी में है, जो पर्यटन और व्यापार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

बैंकिंग ग्राहकों के लिए बड़ी राहत

# आरबीआई ने आंतरिक लोकपाल के लिए जारी किए नए नियम




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई (आरबीअई) ने बैंकों और एनबीएफसी के लिए इंटरनल ओम्बड्समैन के नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत जनरल मैनेजर रैंक के अधिकारी अब ग्राहकों की खारिज शिकायतों की समीक्षा करेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्रों में ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी में इंटरनल ओम्बड्समैन यानी आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति व कामकाज के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इन निर्देशों का मकसद विनियमित संस्थाओं के भीतर ही शिकायतों के समाधान तंत्र को मजबूत करना और ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित व सार्थक समाधान सुनिश्चित करना है।

**किन संस्थानों पर लागू होंगे नियम-** आरबीआई द्वारा जारी ये निर्देश विभिन्न प्रकार की वित्तीय संस्थाओं के लिए अलग-अलग जारी किए गए हैं। इस दायरे में आने वाली संस्थाएं निम्नलिखित हैं-

वाणिज्यिक बैंक और स्मॉल फाइनेंस बैंक।
पेमेंट्स बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां।
गैर-बैंक प्रीपेड भुगतान उपकरण जारीकर्ता।
क्रेडिट सूचना कंपनियां।

योग्यता और अनुभव के कड़े मानक केंद्रीय बैंक ने इंटरनल ओम्बड्समैन की नियुक्ति के लिए उच्च मानक निर्धारित किए हैं ताकि निष्पक्षता बनी रहे। नियमों के अनुसार, प्रत्येक विनियमित संस्था को कम से कम एक इंटरनल ओम्बड्समैन नियुक्त करना अनिवार्य होगा।

नारा शिखर सम्मेलनः आपसी मतभेदों को पीछे छोड़

# जापान-दक्षिण कोरिया ने मिलाया हाथ, जानिए क्या है मकसद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग और जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने नारा, जापान में एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन आयोजित किया, जिसका उद्देश्य व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा (चीन और उत्तर कोरिया) और अमेरिका के साथ गठबंधन जैसे साझा मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना है। इस बारे में विस्तार से पढ़ें।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग और जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने मंगलवार को पश्चिमी जापान के ऐतिहासिक शहर नारा में एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन के लिए मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच अक्सर तनावपूर्ण रहने वाले संबंधों को सुधारना और चीन के साथ बढ़ते क्षेत्रीय विवादों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री ताकाइची के लिए यह शिखर सम्मेलन एक राजनीतिक जीत के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि पद संभालने के बाद उनकी लोकप्रियता की रेटिंग मजबूत है, लेकिन संसद के केवल एक सदन में उनकी पार्टी का बहुमत होने के कारण ऐसी



अटकलें हैं कि वह अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए जल्द ही चुनाव करा सकती हैं।

सांस्कृतिक जड़ों के जरिए कूटनीति यह बैठक ताकाइची के गृहनगर नारा में आयोजित की जा रही है, जो अपने हिरणों और सदियों पुराने बौद्ध मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। बुधवार को दोनों नेता होरयू मंदिर का दौरा करेंगे, जिसकी इमारतें 7वीं या 8वीं शताब्दी की हैं। ये दुनिया की सबसे पुरानी जीवित लकड़ी की संरचनाएं मानी जाती हैं, जो कोरियाई प्रायद्वीप के माध्यम से जापान में बौद्ध धर्म के आगमन और प्राचीन सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक हैं।

**चर्चा के प्रमुख मुद्दे और चुनौतियां** - इस शिखर वार्ता के केंद्र में व्यापार, चीन और उत्तर कोरिया से जुड़ी चुनौतियां, और अमेरिका के साथ गठबंधन जैसे विषय शामिल हैं। दोनों ही देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रत्याशित कूटनीति और रक्षा खर्च बढ़ाने के अमेरिकी दबाव का सामना कर रहे हैं।

**इस बैठक के दौरान कुछ महत्वपूर्ण कूटनीतिक बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया- चीन के साथ तनावः** ताकाइची ने ताइवान पर चीनी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, जिससे बीजिंग के साथ तनाव बढ़ गया है।

**सीपीटीपीपी और फुकुशिमाः** राष्ट्रपति ली ने 'ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप' में दक्षिण कोरिया की भागीदारी के लिए जापान का समर्थन मांगा है। इसके बदले में, दक्षिण कोरिया 2011 की फुकुशिमा परमाणु आपदा के बाद जापानी उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने पर विचार कर सकता है।

**मानवीय सहयोगः** ऐतिहासिक विवादों से बचते हुए, दोनों नेता 1942 में एक समुद्री खदान दुर्घटना में मारे गए कोरियाई मजदूरों के अवशेषों को बरामद करने के लिए मानवीय सहयोग पर चर्चा कर सकते हैं।

**भविष्य की ओर बढ़ता कदम -** जापान की ओर से 1910 से 1945 तक कोरिया पर किए गए औपनिवेशिक शासन के कारण दोनों देशों के बीच संबंधों में ऐतिहासिक दरारें गहरी रही हैं। हालांकि, हाल के वर्षों में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम और चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा जैसे साझा खतरों ने इन्हें करीब ला दिया है।

ईरान के व्यापारिक साझेदारों पर यूएस का 25% टैरिफ

# भारत पर कितना होगा असर सरकारी सूत्रों ने क्या कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका ने ईरान के व्यापार करने वाले देशों पर 25% टैरिफ का एलान किया है, लेकिन भारत के लिए इसका भारत पर ज्यादा असर होने की संभावना नहीं है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत और ईरान का व्यापार कुल व्यापार का केवल 0.15% है और इस साल दोनों देशों के बीच व्यापार घट सकता है।

अमेरिका ने ईरान के व्यापारिक साझेदारों पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा की है। लेकिन इसका भारत पर बहुत कम असर होने की संभावना है। ईरान भारत के लिए दुनिया के शीर्ष 50 व्यापारिक साझेदारों में भी शामिल नहीं है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले साल भारत और ईरान के बीच कुल व्यापार 1.6 अरब डॉलर का था, जो भारत के कुल व्यापार का लगभग 0.15 फीसदी है। बाहरी आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए, मौजूदा वित्तीय वर्ष में भारत और ईरान के बीच व्यापार और घटने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 2024 में ईरान का कुल आयात लगभग 68 अरब डॉलर था, जिसमें उसके मुख्य आयातक साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) (21 अरब डॉलर- 30 फीसदी), चीन (17 अरब डॉलर- 26 फीसदी), तुर्किये (11 अरब डॉलर-16 फीसदी) और यूरोपीय संघ (छह अरब डॉलर- 9 फीसदी) थे। भारत का हिस्सा केवल 1.2 अरब डॉलर (2.3%) है।

निर्यातकों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस' (फियो) ने कहा कि घरेलू कंपनियां ईरान के साथ व्यापार से संबंधित सभी प्रतिबंधों का अनुपालन पहले से कर रही हैं। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, भारतीय कंपनियां और बैंक, ईरान पर लगाए गए ओएफएसी (विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय) प्रतिबंधों का पूरी तरह से और स्पष्ट रूप से पालन कर रहे हैं। हम सिर्फ खाद्य पदार्थों और दवा क्षेत्र में ही काम कर रहे हैं जिन पर रोक नहीं है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | गु | रु | कि |
| घ | र | ■ | म | हि | ना | ■ | ■ | ना |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | प | ला | ■ | व | ■ | ■ | शी |
| प | ■ | ला | त | ■ | ला | ल | ■ | ल |
| गो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| क | न | प | र | ज | ■ | ह | र | प |
| प | ■ | ■ | ना | क | ग | ■ | क | ल |
| ना | ट | क | ■ | प | हु | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ्ग | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ढे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | च | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प्प | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | र | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 15 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

कामं क्रोधं लोभं मोहं, त्यक्त्वाऽत्मानं भावय कोऽहम्।
आत्मज्ञान विहीना मूढाः, ते पच्यन्ते नरकनिगूढाः॥

**भावार्थ** : काम, क्रोध, लोभ, मोह को छोड़ कर, स्वयं में स्थित होकर विचार करो कि मैं कौन हूँ, जो आत्म- ज्ञान से रहित मोहित व्यक्ति हैं वो बार-बार छिपे हुए इस संसार रूपी नरक में पड़ते हैं।

शत्रौ मित्रे पुत्रे बन्धौ, मा कुरु यत्नं विग्रहसन्धौ।
सर्वस्मिन्नपि पश्यात्मानं, सर्वत्रोत्सृज भेदाज्ञानम्॥

**भावार्थ** : शत्रु, मित्र, पुत्र, बन्धु-बांधवों से प्रेम और द्वेष मत करो, सबमें अपने आप को ही देखो, इस प्रकार सर्वत्र ही भेद रूपी अज्ञान को त्याग दो।

## सम्पादकीयम्

### कट्टरपंथीनां दबावेन युनुस्सर्वकारः

बाङ्गलादेशे अस्थिरता भारतस्य चिन्ताम् उत्थापयति बाङ्गलादेशे अन्तरिमसर्वकारस्य प्रमुखः मोहम्मदयुनुस् नियन्त्रणं त्यक्त्वा गच्छति। कट्टरपंथीनां, भारतविरोधिनीतीनां च वर्धमानेन प्रभावेन द्वयोः देशयोः सम्बन्धाः तनावपूर्णाः अभवन्। अल्पसंख्याकानां उपरि आक्रमणानि, पूर्वोत्तरसम्बद्धानि वाक्पटुतानि च चिन्ताजनकाः सन्ति, येन भारतस्य सुरक्षाविषये प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। विगतदिनेषु बाङ्गलादेशे यत् घटितं तत् स्पष्टतया दर्शयति यत् अन्तरिमसर्वकारस्य प्रमुखः मोहम्मदयुनुस् नियन्त्रणं नष्टं करोति। प्रारम्भे सः ये कट्टरपंथिनः प्रोत्साहितवन्तः ते अधुना तस्य वशतः परे सन्ति। तस्य भारतविरोधिनीतिभिः देशद्वयस्य सम्बन्धः निम्नतमस्थानं प्राप्तवान्। सुरक्षाचिन्ताः। शेखहसीनाविरुद्धं आन्दोलनं गतवर्षस्य जुलैमासे आरब्धम्। अगस्तमासे सा सत्तातः निष्कासिता, ततः परं ढाका-देशस्य वृत्तिः भारतस्य प्रति वैरिणः एव अस्ति। वर्तमानविकासाः अस्याः प्रवृत्तेः निरन्तरता अस्ति, प्रथमं भारतीयराजदूतं आहूय ततः दूतावासं प्रति आक्रामकयात्रायाः कारणम् एतेषु घटनासु बाङ्गलादेशे भारतीयउच्चायोगस्य सुरक्षाविषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। ईशानदिशि अलङ्कारः। अन्तरिमसर्वकारः अस्य विषयस्य सम्बोधनं कर्तुम् अपि न इच्छति। यदा भारतेन बाङ्गलादेशस्य उच्चायुक्तं आहूय चिन्ता प्रकटिता तदा ढाकातः सकारात्मकः आश्वासनप्रदः च सन्देशः आगन्तुं युक्तः आसीत्।

सांसदः - मोहनमन्त्रिमण्डलेन अनेके निर्णयाः कृताः

# ग्वालियर-उज्जैन-व्यापार मेले कृते नवीनवाहनेषु छूटः

## शिक्षकाणां कृते समय-मापकस्य वेतनमानस्य अनुमोदनम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सांसदमन्त्रिमण्डलस्य बैठकः मंगलवासरे मुख्यमन्त्री डॉ. मोहन यादवस्य अध्यक्षतायां सचिवालये अभवत्। सभायां अनेके महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः अनुमोदिताः। मन्त्रिमण्डलेन ग्वालियरव्यापारमेला २०२६ तथा उज्जैनविक्रमोत्सवव्यापारमेला २०२६ इत्येतयोः कृते नवीनवाहनक्रयणार्थं ५० प्रतिशतं परिवहनकरस्य छूटं प्रदातुं परिवहनविभागस्य प्रस्तावस्य विषये चर्चा कृता, तदनन्तरं सर्वसम्मत्या प्रस्तावस्य अनुमोदनं कृतम्।

ग्वालियर-व्यापारमेला २५ दिसम्बं दिनाङ्के आरब्धः। मेलायां नूतनानां वाहनानां क्रयणार्थं ५० प्रतिशतं परिवहनकरस्य छूटस्य प्रस्तावः प्रारम्भे सर्वकाराय प्रदत्तः आसीत्। अद्य जनवरी १३ दिनाङ्के आयोजिते मन्त्रिमण्डलस्य सत्रे अस्य प्रस्तावस्य अनुमोदनं कृतम्। प्रायः १९ दिवसेभ्यः अनन्तरं अस्य प्रस्तावस्य हरितप्रकाशः प्राप्तः।

मुख्यमन्त्री अन्ये च मन्त्रिणः फलकानि गृहीत्वा आगताः एषा मोहनसर्वकारस्य प्रथमा उच्चप्रौद्योगिकीयुक्ता मन्त्रिमण्डलसभा आसीत्, यत्र मुख्यमन्त्री मन्त्रिणः च सञ्चिकानां स्थाने टैब्लेट् गृहीत्वा आगतवन्तः। सर्वे स्वप्रस्तावाः टैब्लेट्-मध्ये दृष्ट्वा प्रस्तूयन्ते स्म, मुख्यमन्त्री अपि तान् पश्यन् चर्चां करोति स्म।

उल्लेखनीयं यत् जनवरी-मासस्य ६ दिनाङ्के मुख्यमन्त्री मोहनयादवस्य उपक्रमेण आयोजितायां मन्त्रिमण्डलस्य सत्रे राज्ये ई-मन्त्रिमण्डल-प्रक्रियायाः आरम्भार्थं मन्त्रिभ्यः टैब्लेट्-वितरणं कृतम्, तथा च ई-टैब्लेट्-आवेदनं मन्त्रिमण्डले प्रस्तुतम् मुख्यमन्त्री उक्तवान् यत् राज्ये ई-शासनस्य प्रवर्धनार्थं एषा उपक्रमः क्रियते। कागदरहितकार्यप्रक्रियाम् अङ्गीकृत्य, समयस्य रक्षणं, पारदर्शिता सुनिश्चित्य च साहाय्यं करिष्यति। सिंचाई परियोजनाओं की अनुमोदन प्रशासनिक अनुमोदन रु. राजगढमण्डलस्य सारङ्गपुरतहसीले मोहनपुरा विस्तारसिंचनपरियोजनाय ३९६.२१ कोटिरूप्यकाणि प्रदत्तानि। अनेन खटनर तहसीलस्य २६ ग्रामेषु ११,४०० हेक्टे भूमिः सिञ्चनं भविष्यति। एतेन १०,००० तः अधिकेभ्यः ग्रामेभ्यः कृषकाणां लाभः भविष्यति।

इटवारी-मण्डला-दुर्गयोः

# मध्ये विशेषा रेलयानं प्रचलति, यस्य लाभः छिन्द्वारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिन्दवाड़ा

मकरसंक्रान्त्यां नर्मदानद्यां स्नानार्थं मण्डलं गच्छन्तीनां तीर्थयात्रिकाणां कृते शुभसमाचारः। रेलमण्डलेन इटवारीतः छिन्दवाड़ा, सिओनी, नैनपुर, मण्डला दुर्गं च गत्वा विशेषयानस्य संचालनस्य अनुमोदनं कृतम् अस्ति। इयं रेलयाना जनवरी १३ दिनाङ्कस्य मंगलवासरात् जनवरी १६ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रचलति।

रेलमार्गात् प्राप्तसूचनानुसारं 08841 नम्बर रेलयानं इटवारीतः रात्रौ 10:00 वादने प्रस्थाय प्रातः 12:30 वादने छिन्दवाड़ा आगमिष्यति। अर्धघण्टायाः विरामस्य अनन्तरं प्रातः १:०० वादने प्रस्थाय प्रातः ७:०० वादने मण्डलादुर्गे आगमिष्यति। पुनरागमने ०८८४२ इति क्रमाङ्कः रेलयानं मण्डलादुर्गात् इटवारीपर्यन्तं त्रिदिनानि यावत् जनवरीमासे १४ दिनाङ्कात १६ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रचलति। एषा १६ कोचयुक्ता एक्स्प्रेस् विशेषा रेलयाना भविष्यति।

एते स्टेशनाः स्थगिताः भविष्यन्ति। अस्याः विशेषयानस्य साओने, सौसर, छिन्दवाड़ा, चोराई, सिओनी इत्यादिषु प्रमुखेषु स्टेशनेषु स्थगितानि भविष्यन्ति। अनेन छिन्दवाड़ामण्डलात् तत्समीपस्थानां च तीर्थयात्रिकाणां मकरसंक्रान्तिदर्शनार्थं प्रत्यक्षं सुगमं च यात्रा नर्मदानद्यां स्नानं च भविष्यति। प्रतिवर्षं मकरसंक्रान्तये बहुसंख्याकाः तीर्थयात्रिकाः मण्डलाम् आगच्छन्ति। यात्रिकाणां भीडं, असुविधां च दृष्ट्वा सांसद बन्टी विवेक साहू रेलमन्त्री अश्विनीवैष्णवं डीआरएम च विशेषयानं चालयितुं अनुरोधं कृतवान्। रेलयानस्य विमोचनसमये सांसदप्रतिनिधिः तथा रेलक्षेत्रस्य अञ्चलसदस्यः सत्येन्द्रठाकुरः तथा भाजपा अधिकारिभिः रेलमन्त्री तथा सांसदः प्रति आभारः प्रकटितः।

## माघस्नानस्य एषा परम्परा प्रयागराजस्य कल्पवैः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भगवान् विष्णुः एव गङ्गाजले निवसति, अस्मिन् दिने तिल-अन्नधान्य-घृत-कम्बल-दानं कुर्वन्तः भक्ताः अश्वमेधयज्ञ-करणस्य समानं फलं प्राप्नुवन्ति इति विश्वासः अस्ति। माघस्नानस्य एषा परम्परा प्रयागराजस्य कल्पवैः सह अपि सम्बद्धा अस्ति, यत्र भक्ताः नद्यः समीपे पूर्णमासपर्यन्तं संयमस्य पालनं कुर्वन्ति, कठोरनियमानां च पालनं कुर्वन्ति। ग्रीष्मकालस्य आगमनेन ज्येष्ठमासस्य शुक्लपक्षस्य (मोमीकरणचरणस्य) दशमदिने पतति २०२६ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य २५ दिनाङ्के गङ्गदशहरा-महोत्सवः आचर्यते। एषः ऐतिहासिकः आध्यात्मिकः च दिवसः यदा भागीरथस्य कठोरतपस्येन प्रसन्ना गङ्गा माता स्वर्गात् पृथिव्यां अवतरति स्म। गंगादशहरादिने गङ्गायां निमज्जनेन शारीरिकं वाचिकं मानसिकं च पापं दशविधं पापं मुक्तं भवति इति विश्वासः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : हो सकता है कि आज नई जिम्मेदारी मिले। आज परिवार में प्रॉपर्टी को लेकर बात हो सकती है।

**वृषभ** : प्रोफेशनल लाइफ में स्थिरता बनी रहेगी और कलीग्स का सपोर्ट मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मिथुन** : इंटरव्यू, मीटिंग या डील के लिए दिन अच्छा है। दोस्त या भाई-बहनों से आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**कर्क** : आपका खर्चा बढ़ सकता है, इसलिए फिजूलखर्ची से बचें। परिवार में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**सिंह** : नौकरीपेशा लोगों को तरक्की के संकेत मिल सकते हैं। ऐसे में नए मौके लेने से ना कतराएं।

**कन्या** : सेहत को नजरअंदाज ना करें। हेक्टिक शेड्यूल के बीच आराम भी जरूरी है। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें।

**तुला** : साझेदारी के काम में लाभ हो सकता है। कला, फैशन या क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** :नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। जल्द ही नया मौका मिल सकता है। कुछ लोग आपका बुरा सोच सकते हैं।

**धनु** : स्टूडेंट्स के लिए समय अच्छा है। धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। दिन में अपने लिए समय जरूर निकालें।

**मकर** : सीनियर्स का अब पूरा-पूरा सपोर्ट मिलने वाला है और आगे चलकर नए मौके भी मिलेंगे।

**कुंभ** : आज आप सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। साथ ही आज धन लाभ के भी योग हैं।

**मीन** : लव लाइफ में इमोशनल तौर पर चीजें और मजबूत होंगी। आज आपकी सेहत ठीक रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र ने ली शनि के घर में एंट्री, जानें किन राशि वालों को मिलेगा लाभ और किसे होगी हानि

शुक्र मकर राशि में प्रवेश कर चुके हैं। उनके इस गोचर का आपकी राशि के ऊपर क्या प्रभाव पड़ने वाला है, आइए जानते हैं।

सुख-सौभाग्य के ग्रह शुक्र देव 13 जनवरी 2026 को राशि परिवर्तन कर चुके है। वह सुबह 3 बजकर 40 मिनट पर धनु से अपनी यात्रा को विराम देते हुए शनि की राशि मकर में अपना स्थान ले चुके हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक, नववर्ष में शुक्र का यह प्रथम गोचर है, जिसका प्रभाव 12 राशियों सहित देश-दुनिया पर पड़ सकता है। अब चूंकि शुक्र प्रेम, कला और विलासिता के कारक है, इसलिए कुछ जातकों का ऐश्वर्य बढ़ सकता है और उनके जीवन में कई तरह के सकारात्मक बदलावों की संभावनाएं भी बनी रहेंगी। लेकिन शुक्र शनि की राशि में आएं है, इसलिए कुछ पर इसका नकारात्मक असर भी होने वाला है। ऐसे में



आइए शुक्र का मकर राशि में गोचर का आपकी राशि के ऊपर प्रभाव जानते हैं।

### मेष राशि

- शुक्र गोचर मेष राशि वालों के दसवें भाव में हुआ है।
- करियर में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।
- कला के क्षेत्र में नए परिवर्तन दिखाई देंगे।
- धन लाभ के योग बनेंगे।

### वृषभ राशि

- वृषभ राशि वालों के लिए शुक्र गोचर कल्याणकारी है।
- शुक्र ग्रह आपके लग्न भाव और छठे भाव के स्वामी हैं, जो आपके नौवें भाव में प्रवेश कर चुके हैं।
- नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।
- सेहत थोड़ी नरम रह सकती है।

### मिथुन राशि-

- मिथुन राशि वालों के आठवें भाव में शुक्र गोचर कर चुके हैं।
- आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।
- संतान के जीवन को लेकर कुछ परेशानियां आ सकती हैं।
- पैतृक संपत्ति के माध्यम से धन लाभ होगा।

### कर्क राशि

- कर्क राशि वालों के सातवें भाव में शुक्र गोचर कर चुके हैं।
- भीतर सुख-सुविधाओं को बढ़ाने की इच्छा प्रबल होगी।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 15 जनवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### खुद को दादा बताते हुए युवक को मारा चाकू

**उज्जैन।** ढांचा भवन में रहने वाले गौरव पिता दिनेश राठौर 27 साल को मंगलवार-बुधवार रात घर लौटते समय स्मार्ट रोड हीरामिल की चाल स्थित तालाब के पास रवि पिता जगदीश डाबी ने रोक लिया और शराब पीने के रूपये मांगने लगा। गौरव ने रूपये देने से मना किया और जाने का प्रयास किया तो रवि ने खुद को क्षेत्र का दादा बताते हुए गाली-गलौच की और चाकू मारकर घायल कर दिया। उसने जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। गौरव की शिकायत पर देवासगेट थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

### चाइना डोर की 13 रील के साथ पकड़ाया युवक

**उज्जैन।** मंकर संक्रांति से एक दिन पहले मंगलवार-बुधवार रात चाइना डोर बेचने की फिराक में निकले युवक को चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मार्ग अंजना अस्पताल के पास से हिरासत में लिया। उसके पास से झोले में भरी चाइन डोर की 13 रील बरामद की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिबंधित डोर के साथ गिरफ्त में आया युवक तौफिक पिता शहजाद मसंरी 20 साल निवासी दरगाह मंडी के पास का रहने वाला है। मामले में बीएनएस की धारा 223 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विवेकानंद कालोनी से बदमाशों ने चुराई बाइक

**उज्जैन।** बाइक चोरी करने वाले बदमाश सक्रिय बने हुए है। हर दिन बाइक चोरी के मामले सामने आ रहे। इस बार बदमाश विवेकानंद कालोनी पहुंचे थे। जहां सी सेक्टर मकान नम्बर 276 के बाहर खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएस 9234 अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर ली। बाइक चोरी होने पर बड़नगर के ग्राम चिरोलाकलां में रहने वाले राहुल पिता सेवाराम चौधरी ने आसपास तलाश शुरू की, नहीं मिलने मामले की शिकायत नीलगंगा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। वह परिचित के यहां आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। चोरी का एक मामला वेदनगर का भी है। पवनपुत्र जिम वेदनगर से 8 जनवरी को मोहित पिता अशोक मेहर की बुलेट क्रमांक एमपी 13 ईएन 2853 बदमाशों ने चोरी कर ली थी। उक्त मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा 5 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया गया। शहर में हर दिन 2 से 3 बाइक चोरी होना सामने आ रहा है। कई मामलों में चोरी के फुटेज भी सामने आये है। लेकिन पुलिस बदमाशों की पहचान नहीं कर पाई है। बाइक चोरी में करंज-पारदी गिरोह का हाथ होना माना जा रहा है।

### ट्रेक्टर-बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** पिछले दिनों हुई सड़क दुर्घटना के मामले में 2 थाना पुलिस ने ट्रेक्टर चालक और बाइक चालक के खिलाफ घायल युवकों की मौत होने पर प्रकरण दर्ज किया है। उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि 10 जनवरी को लेकोडा आंजना में बाइक सवार भूरू पिता आलम शाह 47 साल निवासी गरवट मोहल्ला उन्हेल को ट्रेक्टर चालक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। ट्रेक्टर जप्त किया जायेगा। दूसरा घटनाक्रम बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्रेसिम कंपनी के गेट के सामने हुआ था। बाइक चालक ने जितेन्द्र पिता हुकुमसिंह राठौर निवासी वर्धमानरोड ग्राम मेहतवास को 31 दिसंबर की रात टक्कर मार दी थी। जितेन्द्र को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां कुछ दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई थी। बिरलाग्राम पुलिस ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 680-4 |
| मेन बाजार | - | |
| मिलन डे | 239-4 | 579-1 |
| मिलन नाइट | 345-2 | 158 -4 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 |

## प्रतिबंध लगा होने के बाद भी मकर संक्रांति पर चाइना डोर के घातक परिणाम

# बाइक सवार युवक का गला कटा, महिला के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी, चार अन्य लोग घायल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी मकर संक्रांति पर चाइना डोर के घातक परिणाम सामने आये। बाइक सवार युवक का गला कट गया, महिला के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हुए। 2 बड़ी घटना के साथ ही 4 अन्य जख्मी होने पर उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल पहुंचे थे।

दिसंबर माह की शुरूआत होने के बाद से ही मकर संक्रांति से पहले पुलिस द्वारा चाइना डोर के घातक परिणामों को रोकने के प्रयास किये जा रहे थे। जिसमें पुलिस को काफी सफलता भी मिली थी, बावजूद बुधवार को मकर संक्रांति पर आधा दर्जन हादसे होना सामने आये। जिसमें 2 गंभीर मामले थे। पहला मामला फाजलपुरा नगरकोट पर रहने वाली सीमा पति भीमराम 45 साल के साथ हुआ। सुबह 11.30 बजे के लगभग सीमा घर से आलू खरीदने के लिये पैदल निकली थी। फाजलपुरा मार्ग पर अचानक पैर में चाइना डोर उलझ गई।



वह डोर निकाल पाती उससे पहले बाइक सवार पास से गुजरा जिसमें चाइना डोर फंसकर खिंचा गई। जिससे सीमा के दोनों पैर कट गये, उसे लहूलुहान देख लोगों ने परिजनों को सूचना दी। बहन उसे अस्पताल लेकर पहुंची। पैरों में जख्म काफी गहरे हो गये थे। एक पैर में सात टांके लगाये गये। दूसरे पैर की नस कट गई और घाव हड्डी तक हो चुका था। डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। जहां एक पैर की सर्जरी करना पड़ गई। कुछ देर बाद ही आगररोड नाका नम्बर 5 से अंतर पिता मांगीलाल बंजारा 20 साल निवासी रतलाम को अस्पताल लाया गया था। उसका गला कटा हुआ था। खून तेजी से निकल रहा था, इमरजेंसी में डॉ. रत्नाकर ने तत्काल उपचार शुरू किया और सात टांके लगाये। अंतर ने बताया कि वह काफी समय से उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहा है। सुबह उसका भतीजा रतलाम जा रहा था, उसे स्टेशन छोड़ने गया था, जहां से वापस भट्टे पर लौटते समय डोर उसके गले पर आ गई। उसने हाथ से रोकने के प्रयास किया लेकिन उंगली कट गई, वह बाइक रोक पाता उससे पहले चाइना डोर ने गला भी काट दिया।

**इधर पतंग-डोर को लेकर हुआ विवाद-** शिवशक्ति नगर में पतंग कटाने की बात पर विशाल मीणा का आशु मीणा से विवाद हो गया। आशु मीणा से हो गया। दोनों ने परिजन भी आमने सामने हो गये। एक पक्ष से विशाल घायल हुआ है। उसने आशु, राजा और उसके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष से काजल पति दिनेश पोरवाल जो अपने मायके आई थी घायल हुई है, उसके साथ कालू बाथम,लालसिंह और रितेश मालवीय भी घायल हुए है। चिमनगंज पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है। वहीं नानाखेड़ा क्षेत्र में सोनू पिता रमेश परमार का डोर खीचने की बात पर पियुष से विवाद हुआ। पियुष ने पाइप से मारपीट की। सोनू के सिर में चोंट लगने पर डाक्टरों ने टांके लगाये है।

### 3 युवकों के साथ एक महिला घायल

मकर संक्रांति पर दिनभर में चार अन्य मामले भी सामने आये। हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाला जॉन पिता सुशील 28 साल बाइक से घर लौट रहा था। शांति पैलेस बायपास पर चाइना से उसका होट कट गया। डॉक्टरों ने 2 टांके लगाये। जयसिंहपुरा की रहने वाली सुगनबाई पति ओमप्रकाश 51 साल के पैर में चाइना डोर उलझ गई, पैर कटने पर उन्हे अस्पताल लाया गया। पटेलनगर में रहने वाले कृष्णा पिता रामप्रताप 25 साल का भी पैर कटा है। वहीं रिजवान पिता अब्दुल रशीद 20 साल निवासी जानसापुरा ने डोर सामने आने पर हाथ से पकड़ी तो उसकी उंगलियां कट गई।

### बालक-युवक छत से गिरकर घायल

चाइना डोर से होने वाले हादसों के साथ पतंगबाजी करते समय छत से गिरने के मामले भी सामने आये। एक बालक का हाथ टूट गया वहीं युवक गंभीर घायल हुआ है। बालक श्रीकृष्ण कालोनी का रहने वाला नक्श पिता अशोक प्रजापत 14 साल पतंग खींचते वक्त पीछे आते वक्त छत से गिर गया। उसके हाथ में फैक्चर हुआ है। भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। शाम को मनीष पंवार 27 साल को छत से गिरने के बाद अस्पताल लाया गया था, वह नशे की हालत में था। बताया जा रहा था कि उसे बहादूरगंज क्षेत्र से लाया गया है। लेकिन वह कुछ बोल पाने की हालत में नहीं था।

# चकोर पार्क और राजीव रत्न मल्टी में चाकूबाजी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मामूली विवाद में बुधवार शाम चकोर पार्क और राजीव रत्न कालोनी मल्टी में चाकूबाजी की घटना हो गई। 2 युवकों को घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पंवासा और नीलगंगा थाना पुलिस जांच कर रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के चकोर पार्क क्षेत्र में रहने वाला रवि पिता मनोज पाल 28 साल पार्क गेट के पास खड़ा था, उसी दौरान क्षेत्र के रहने वाले आकाश नामक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। रवि को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। एएसआई संतोष राव ने बताया कि घायल के बयान दर्ज करने के लिये टीम अस्पताल भेजी गई है। मामला आपसी विवाद का सामने आ रहा है। दूसरी



चाकूबाजी की घटना नीलगंगा थाना क्षेत्र की राजीव रत्न मल्टी में हुई। शाम को कालोनी में बने कम्युनिटी हॉल की छत से दीपक पिता जगदीश खिंची पतंग उड़ाकर उतारा था, उसी दौरान अजय उर्फ बारिक भाट ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि अजय अपराधिक प्रवृति का है। मुखबीरी की आशंका में उसने दीपक पर हमला किया है। नीलगंगा पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर अजय के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

# मादक पदार्थ तस्कर जहरीली शराब के साथ पकड़ाया



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**


2 साल पहले मादक पदार्थ तस्करी में पकड़ा जा चुका बदमाश बुधवार को एक बार फिर गिरफ्त में आया है। इस बार उसके पास से 7 लीटर जहरीली शराब बरामद की गई है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि रूनिजा अंडर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास प्लास्टिक की केन में भरी कच्ची शराब है। वह शराब बेचने की फिराक में है। खबर पर तत्काल एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर के साथ टीम को रवाना किया गया। ब्रिज के नीचे घेराबंदी की गई और उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसके पास से बरामद प्लास्टिक की केन में कच्ची जहरीली शराब भरी होना सामने आई। आरोपी व्यक्ति राजेश पिता जगदीश सिर्वी 38 साल निवासी ग्राम बंगरेड हाल पता व्यास कॉलोनी बड़नगर है। उक्त आरोपी पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी और अवैध शराब का आरोपी भी रह चुका है। जहरीली शराब मिलने पर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया और कोर्ट पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# घायल पत्नी की मौत के बाद लापता हुआ पति, पुलिस तलाश में जुटी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

चरक अस्पताल में मंगलवार रात घायल महिला को एक व्यक्ति लेकर पहुंचा था। उसने खुद को पति बताया और महिला को उपचार के लिये भर्ती किया। बुधवार तड़के महिला की मौत हो गई। खुद को पति बताने वाला पत्नी की मौत के बाद लापता हो गया। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात चरक अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई थी कि लीलाबाई पति कालू



भील 40 साल निवासी मोरवानी रतलाम को घायल हालत में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। उसे लाने वाला पति कालू भील है। सूचना पर पुलिस ने जानकारी जुटाई, इस दौरान सामने आया कि घायल महिला को उसका पति कालू देवास से लेकर आया है। जहां चार पहिया वाहन से टक्कर लगने पर चोंट लगी है। पुलिस मामले की जांच शुरू करती उससे पहले बुधवार तड़के लीलाबाई की मौत हो गई। अस्पताल स्टॉफ द्वारा दोबारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची तो सामने आया कि उसका पति कालू भील लापता है, उसने अपना मोबाइल नम्बर भी दर्ज नहीं कराया था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि कालू भील ने जो पता अस्पताल में दर्ज कराया था, उस स्थान पर संपर्क किया गया, वहां कालू के परिजनों से चर्चा हुई, लेकिन उन्होने लीलाबाई को कालू की पत्नी नहीं होना बताया। कालू के भी घर नहीं लौटने की बात कहीं। एसआई के अनुसार महिला मजदूर प्रतीत हो रही है। कालू के साथ मृतक महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जिनके मिलने पर ही पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com